Email: etawahexpress24@gmail.com Web: www.etawahexpress.com

# इटावा एक्सप्रेस

आर.एन.आई शीर्षक कोड UPHIN50151, इटावा, उत्तर प्रदेश से प्रकाशित

| वर्ष 2 | अंक 25 | इटावा 21 दिसम्बर 2024 दिन शनिवार | हिन्दी साप्ताहिक | रुपए 2 | पृष्ठ 8 |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- |

### अयोध्या में सीएम योगी बोले

# काशी... मथुरा, संभल तो कभी भोज में मंदिरों को तोड़ा गया, सनातन ही राष्ट्रीय धर्म



**सीएम योगी अयोध्या पहुंचे। हनुमानगढ़ी में दर्शन करने के बाद रामलला के दर्शन किए। इसके बाद धार्मिक अनुष्ठान में शामिल होने के लिए अशर्फी भवन पहुंचे। यहां उन्होंने पंच नारायण महायज्ञ में आहुति अर्पित की।**

**अयोध्या।** यूपी के अयोध्या में शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहुंचे। यहां सीएम की हेलीपैड रामकथा पार्क पर उतरा। मुख्यमंत्री ने हनुमानगढ़ी में दर्शन करने के बाद रामलला के दर्शन किए। इसके बाद धार्मिक अनुष्ठान में शामिल होने के लिए अशर्फी भवन पहुंचे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अशर्फी भवन के पास मंडप में आयोजित पंच नारायण महायज्ञ में आहुति अर्पित की। इस मौके पर सीएम ने कहा कि श्रीहरि की कृपा से यह सृष्टि संचालित है। अयोध्या धाम त्रेतायुग की अवधारणा को जिंदा कर रहा है। विश्व मानवता को बचाना है तो सनातन धर्म को सुरक्षित रखना होगा। सीएम ने कहा कि विरासत को विस्मृत कर हम भौतिक विकास को नहीं बनाए रख सकते। विरासत और भौतिक विकास का समन्वय होना चाहिए। भारत की परंपरा इष्ट देवों, धर्म स्थलों, मान बिंदुओं से है। इन मूल्यों को याद कर आगे बढ़ेंगे तो भारत बना रहेगा। पीएम मोदी के नेतृत्व में नया भारत विकसित भारत के रूप में आगे बढ़ रहा है। सीएम ने कहा कि विश्व मानवता को बचाना है तो सनातन धर्म को सुरक्षित रखना होगा। सनातन धर्म सुरक्षित है तो सब सुरक्षित हैं। कोई मत, मजहब नहीं है। इसमें सबके कल्याण की बात की गई हो। सनातन धर्म में वसुदेव कुटुंबकम की बात कही गई है। दुनिया के हर जाति, मत, मजहब, संप्रदाय के लोगों को विपत्ति के समय सनातन धर्म ने शरण दिया। लेकिन, आज दुनिया में हिंदुओं के साथ क्या हो रहा है? बांग्लादेश में क्या हो रहा है? हम सभी देख रहे हैं। पाकिस्तान-अफगानिस्तान में पहले क्या हुआ? सीएम ने कहा कि कभी काशी विश्वनाथ तो कभी राम जन्मभूमि, मथुरा, संभल, हरिहर भूमि तो कभी भोज में मंदिरों को नष्ट किया जाता है, तोड़ा जाता है, अपवित्र किया जाता है। जिन्होंने अपवित्र किया मंदिरों को उनके कुल वंश नष्ट हुए। दुनिया के अंदर विश्व शांति की स्थापना करना है तो सनातन धर्म ही कर सकता है। भारत के अंदर सनातन धर्म ही राष्ट्रीय धर्म है। इसकी रक्षा संरक्षण के लिए हम सबको मिलकर कार्य करना होगा। योगी ने कहा कि अशर्फी भवन सैकड़ों वर्षों से अपनी परंपरा के लिए जाना जाता है। मंदिर आंदोलन को यज्ञ मानकर धार्मिक पीठों ने सफलता की नई ऊंचाई तक पहुंचाया, जिसका परिणाम आज सबके सामने है। पांच फरवरी 2020 को पीएम मोदी के हाथों राम मंदिर की आधारशिला रखी गई, जबकि 22 जनवरी 2024 को रामलला भव्य मंदिर में विराजमान हो गए हैं।

## सैफई के पत्रकार को गोली मारने की मिली धमकी, जिले के पत्रकार संगठनों में उबाल, मुख्यमंत्री, कमिश्नर, को संबोधित एसपी ग्रामीण, सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

**डीएम, एसपी ग्रामीण इटावा से मुलाकात कर पीड़ित पत्रकार को सुरक्षा देने की माँग**
**जिले भर के एक सैकड़ा पत्रकार, समाजसेवी, बकील का मिला पीड़ित पत्रकार को साथ**
**पीड़ित पत्रकार को सुरक्षा न मिली तो होगा बड़ा आंदोलन**

ब्यूरो इटावा एक्सप्रेस

इटावा। इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया वेलफेयर एसोसिएशन (इंडिया) के प्रदेश अध्यक्ष सुघर सिंह पत्रकार व उनके पुत्र को गोली मारने व बम से उड़ाने की मिली धमकी मामले ने तूल पकड़ लिया है। एक सैकड़ा से अधिक पत्रकारों, वकीलों, समाजसेवियों ने मुख्यमंत्री व मंडलायुक्त को संबोधित एक ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट इटावा व जिला अधिकारी इटावा, एसपी इटावा को देकर पीड़ित पत्रकार व उसके पुत्र को सुरक्षा दिए जाने की मांग की व 48 घंटे में अभियुक्त की गिरफ्तारी की मांग की। पत्रकारों ने मांग की अगर मांगे पूरी नहीं हुई तो जिले भर के पत्रकार धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे। मुख्यमंत्री व मंडलायुक्त कानपुर मंडल को संबोधित सिटी मजिस्ट्रेट को दिए ज्ञापन व जिलाधिकारी व एसपी ग्रामीण को दिए ज्ञापन में बताया गया कि दिनांक 13/14 दिसम्बर की रात्रि अज्ञात नंबर से तीन अपराधियो द्वारा सुघर सिंह व उनके बेटे को 7 बार गोली मारने व बम से उड़ाने की धमकी दी है। जिसका मुकदमा भी थाना सैफई में मुअस 247/24 धारा 352, 351(4) दर्ज किया गया हैं। घटना के 5 दिन वाद भी पुलिस के हाथ खाली है अभी तक अभियुक्तो के बारे में थाना सैफई पुलिस के पास कोई जानकारी नही है। पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठी है। सुघर सिंह पत्रकार द्वारा वर्ष 2016 से 2024 तक लगभग 20 मुकदमे इटावा, नोएडा, अमेठी, कानपुर नगर, लखनऊ, में दर्ज कराए गए हैं। जिनमें कई मुकदमों में चार्जसीट जा चुकी है। कुछ में न्यायालय में प्रोटेस्ट दाखिल है। सुघर सिंह पत्रकार को मिलने बाली धमकी की मुख्य बजह यह है कि उनके फेसबुक पर टैग करते हुए कुछ अपराधियो ने देश के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री पर अभद्र अश्लील आपत्तिजनक टिप्पड़ी की थी। जिस पर सुघर सिंह ने आरोपियों के विरुद्ध थाना सैफई में मुकदमा दर्ज कराया था उन अपराधियों के खिलाफ विभिन्न जनपदों में 50 से अधिक मुकदमे दर्ज हैं और कई बार जेल भी जा चुके हैं। ऐसे अपराधी प्रदेश प्रभारी व उनके परिजनों की जान के दुश्मन बने हुए हैं और उनकी कभी भी हत्या हो सकती है। सुघर सिंह व उनके परिजनों एलआईयू से जांच कराकर स्थाई सुरक्षा उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। अगर सुघर सिंह पत्रकार के साथ कोई घटना घटित होती है तो इसकी जिम्मेदारी पुलिस प्रशासन की होगी। अगर सुरक्षा नही दी जाती है तो इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया के पदाधिकारी धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे। इस मौके पर गणेश ज्ञानार्थी, प्रमोद दीक्षित, कुलदीप कुमार, रघुवीर यादव, मसूद तैमूरी, सैफ तैमूरी, राजीव यादव, कपिल यादव, असित यादव, गौरव कुमार, पवन मिश्रा एडवोकेट, अक्षय राज भदौरिया, अनिल चौधरी, राजू कुशवाह , मु० शाहिद, सर्वेन्द्र कुशवाह, इकवाल, मेघ सिंह वर्मा, आशीष कुमार, पंकज राठौर, मनोज कुमार, राहुल यादव, सत्य नारायण राजपूत, वंदना यादव, राम नरेश पोरवाल, विशाल रावत, विनीत कुमार, मु० नफीस, अनिल कुमार, चंद्रप्रताप सिंह, सुशील कांत, करुणानिधि, राम ब्रज, विष्णु राठौर, गौरव सिंह, कुमार रवि, कुलदीप कश्यप, समेत एक सैकड़ा पत्रकार मौजूद रहे।




एसपी ग्रामीण व सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देते हुए इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया के पत्रकार

## एसएसपी इटावा द्वारा सभी जनपद वासियों से की गयी अपील कि कोई न करे मॉडिफाइड साइलेंसर व प्रेशर हॉर्न का प्रयोग

ब्यूरो इटावा एक्सप्रेस राजीव कुमार

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा के निर्देशन में जनपद में मॉडिफाइड साइलेंसर एवं प्रेशर हॉर्न लगे वाहन स्वामी के विरूद्ध अभियान चलाकर की जायेगी सख्त कार्यवाही । जनपद में यातायात नियमों का पालन न करने से होने वाली दुर्घटनओं के बचाव हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार वर्मा के निर्देशन में सड़क सुरक्षा तथा यातायात नियमों के प्रति जागरुकता लाये जाने के उद्देश्य यातायात जागरूकता अभियान 2024 चलाया जा रहा है इसी के क्रम में प्रायः देखने में आ रहा है कि कुछ लोग अपने दो पहिया/चार पहिया वाहनों में प्रेशर होर्न, ब्लैक फिल्म, मोडिफाइड साइलेंसर का प्रयोग कर रहे हैं जो यातायात नियमों का उल्लंघन है इसी के मद्देनजर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा सभी जनपद वासियों से अपील की जाती है कि जागरुक रहकर यातायात नियमों का पालन करें । प्रेशर हार्न एवं मॉडिफाइल साइलेंसर का कदापि प्रयोग ना करें अन्यथा आपके विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जायेगी । इस दौरान समस्त थाना क्षेत्रान्तर्गत सघन चौकिंग अभियान चलाकर प्रेशर हॉर्न, मॉडिफाइड साइलेंसर आदि लगे वाहनों के विरुद्ध सख्त एवं प्रभावी कार्यवाही की जा रही है । 1. वाहन चलाते समय सीट बेल्ट / हेल्मेट का प्रयोग करें । 2.वाहन पर निर्धारित संख्या से अधिक सवारी ना बिठायें । 3.निर्धारित गति सीमा में ही वाहन चलाये । 4.वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करें । 5.शराब पीकर वाहन ना चलायें ।




## भाजपा सांसद ने प्रियंका गांधी को थमाया 1984 लिखा बैग

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद अपराजिता सारंगी ने शुक्रवार को कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा को एक बैग गिफ्ट किया। जिसे स्वीकार कर कांग्रेस सांसद वहां से निकल गईं। बैग पर 1984 लिखा हुआ था। ये अक्षर लाल रंग से लिखा गया था। अपराजिता ने मीडिया से बातचीत में कहा, मौजूदा समय में कांग्रेस की सार्थकता पर लगातार सवाल उठ रहे हैं। देश की जनता लगातार कांग्रेस को खारिज कर रही है। कांग्रेस के पास अमित शाह के भाषण को तोड़ मरोड़कर पेश करने के अलावा अब कोई और दूसरा विकल्प नहीं बचा है। उन्होंने आगे कहा, कांग्रेस की करतूतों को याद दिलाने के लिए यह बैग प्रियंका गांधी वाड्रा को दिया गया है।

# जिलाधिकारी अवनीश राय की अध्यक्षता में पीसीएस परीक्षा के आयोजन हेतु बैठक आयोजित की गई

इटावा एक्सप्रेस

इटावा बैठक में सर्वप्रथम जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका एवं उप जिलाधिकारी सदर विक्रम सिंह राघव को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में अभ्यर्थियों के साथ उनके अभिभावकों के आने–जाने से जनपद में भीड़ भाड़ होने के कारण रेन वसेरों की साफ सफाई अवश्य करा दी जाए ताकि अभ्यर्थियों के अभिभावक वहां पर आराम से रूक सकें एवं रैन बसेरों की सूची रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड एवं शहर के प्रमुख चौराहों पर चस्पा कर दी जाए जिससे उन्हें रैन बसेरे तक आने में आसानी हो। उन्होंने सभी केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देशित करते हुए कहा कि केंद्रों के आसपास साइन बोर्ड अवश्य लगाया जाए जिससे परीक्षार्थी को केंद्र को ढूंढने में आसानी हो सके। उन्होंने यह भी अवगत कराया कि जनपद में कुल 17 सेंटर है लगभग 7000 हजार परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। परीक्षा रविवार 22 दिसंबर को आयोजित की जाएगी जिसमें प्रशासन की तरफ से अपर जिलाधिकारी एवं पुलिस विभाग द्वारा नामित नोडल अधिकारी एसपी ग्रामीण सत्यपाल सिंह नामित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि परीक्षा केंद्र के अंदर कोई भी डिवाइस नहीं होनी चाहिए एवं नकल विहीन परीक्षा संपन्न करायी जाए। उन्होंने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट को निर्देश दिए की केंद्रों का परीक्षा तिथि के एक दिन पूर्व भ्रमण कर लिया जाए जिससे कोई भी समस्या ना हो। उन्होंने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट को निर्देशित करते हुए कहा कि परीक्षा प्रारंभ होने से 35 मिनट पूर्व प्रश्न पत्रों के गोपनीय पैकेट सीसीटीवी कैमरे एवं वीडियोग्राफी की निगरानी में ही खोले जाएंगे। उन्होंने कहा कि परीक्षा दो पालियों में संपन्न की जाएगी प्रथम पाली प्रातः 9रू30 बजे से 11रू30 बजे तक एवं द्वितीय पाली 2रू30 बजे से 4रू30 बजे तक संपन्न होगी। उन्होंने कहा की परीक्षा को सकुशल संपन्न कराए जाने हेतु सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट नामित किए गए हैं जिससे कि अभ्यर्थी को कोई भी समस्या उत्पन्न ना हो। उन्होंने कहा कि सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट पुलिस विभाग के अधिकारियों से समन्वय स्थापित करके उनके मोबाइल नंबर अवश्य ले लें जिससे परीक्षा केंद्रों के समय कोई भी परेशानी का सामना न करना पड़े तथा सभी सेंटरों पर सभी के मोबाइल नंबर जमा कर दिए जाएं। बैठक में उन्होंने यह भी निर्देश दिए की सभी परीक्षा केंद्रों की लोकेशन सेंटर के नाम से गूगल ऐप पर शेयर कर दी जाए जिससे छात्र–छात्राओं को आने–जाने में आसानी हो। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सत्यपाल सिंह द्वारा बताया गया कि सभी चौराहों पर पूछताछ केंद्र अवश्य बना दिए जाएं जिससे अभ्यर्थियों को एग्जाम सेंटर तक आने में कोई भी समस्या ना हो तथा सभी सेंटरों पर दो महिला सिपाही व दो पुरुष सिपाही उपस्थित रहेंगे। उन्होंने कहा कि सभी केंद्र पर पुलिसकर्मी लगाए जाएंगे उनका मोबाइल नंबर सभी सेक्टर एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट के पास होना अनिवार्य है जिससे कोई भी समस्या आने पर एक दूसरे को सूचित कर दिया जाए। उन्होंने बताया गया कि कानून व्यवस्था के संबंध में सभी पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है तथा वह अपनी ड्यूटी निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से करेंगे इसमें कोई भी लापरवाही नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि पुलिस लाइन में मास्टर कंट्रोल रूम बनाया जाएगा जिससे कोई भी समस्या आने पर संबंधित को अवगत करा दिया जाए। उन्होंने समस्त पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि परीक्षा के समय कोई भी लापरवाही नहीं की जाएगी एवं लापरवाही करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम, एसपी ग्रामीण सत्यपाल सिंह ,अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव ,जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार, वरिष्ठ कोषाधिकारी, जिला विकास अधिकारी,समस्त उप जिलाधिकारी सहित समस्त स्टैटिक एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट आदि उपस्थित रहे।

# रोते बिलखते रहे तीमारदार,पार्टी करते रहे सी एच सी के डॉक्टर वाह री स्वास्थ्य विभाग

इटावा एक्सप्रेस

इटावा महेवा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में एक अजब गजब कारनामा देखने को मिला जहां सादा वेश में बैठे तथाकथित डॉक्टर ऑफिस के अंदर पार्टी करते नजर आ रहे है। मामला क्या है पहले ये जानिए महेवा ब्लाक के मेहदीपुरा गांव में हरवीर पाल का 11 बर्षीय पुत्र को बिजली करेंट लगा जिसे उसके परिजन तत्काल बेहतर इलाज के लिए महेवा सीएचसी ले आये जहां पर प्राथमिक उपचार की तथाकथित डॉक्टरों से गुहार लगाई लेकिन तथाकथित डॉक्टर अपने साथियों के साथ चाय पार्टी करते रहे। तथाकथित शब्द का प्रयोग इस लिए तीमारदारों द्वारा किया गया क्योंकि तथाकथित डॉक्टरों के पास न ही कोई सफेद कोट दिख रहा है और न ही आला कैसे पहचाने डाक्टर सहाब को सरकारी ऑफिस में बैठ सरकारी सैलरी का आनंद ले रहे डॉक्टर राघव गुप्ता को ये धर्म भी ज्ञात नहीं की आपको इमरजेंसी में किस तरीके से मरीजों से पेश आना चाहिए। वहीं जब एक स्थानीय पत्रकार ने इस बात को लेकर डॉक्टर से उनको ड्यूटी धर्म निभाने की बात कहनी चाही तो डॉक्टर एक गुंडे के रूप में आ गए जहां



उन्होंने कह दिया ष्आप कौन है। आप क्या डॉन है कहीं केष् क्या यह शब्द डाक्टर को शोभा देते है। वहीं मरीजों व तीमारदारों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि डाक्टरों द्वारा असभ्य तरीके से बात की जाती है पर्चे में दवाई लिखवाने के लिए चक्कर लगवाये जाते है तथा डाक्टरों द्वारा बाहर के मेडिकिलों की दवाई भी लिखी जाती है कमीशन खोरी पर चल रहा है सीएचसी महेवा। सही आवहव में उपचार न मिलने से किशोर की मृत्यु हो गयी सी एच सी महेवा के डाक्टरों की लापरवाही के चलते एक मां ने अपने पुत्र को खोया किशोर की मृत्यु के बाद परिजनों ने हंगामा काटा जिसके बाद तत्काल मौके पर बकेवर थाना प्रभारी भूपेन्द्र सिंह राठी मौके पर भी पहुंचे थे। क्या महेवा सीएचसी अस्पताल कमीशन खोरी पर चल रहा है। सूत्रों का कहना है कि सीएचसी महेवा में तैनात डाक्टरों द्वारा बाहर के मेडिकिलों पर दवाई लिखी जा रही है मजबूरी में मरीज को मेडिकल से ही दवाई लेनी पड़ती है। सीएचसी में तैनात डाक्टर स्वास्थ्य व्यवस्था पर लगा रहे प्रश्न चिन्ह

# आवेदन पत्र की अन्तिम तिथि 27.12.2024 तक

इटावा 18 दिसम्बर 2024 उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केन्द्र, सुधीर कुमार ने अवगत कराया कि आयुक्त एवं निदेशक हस्तकला अनुभाग 13 उत्तर प्रदेश कानपुर के निर्देशानुसार वित्तीय वर्ष 2024–2025 में हस्तशिल्प प्रोत्साहन नीति पैकेजिंग एवं डिजाइनिंग प्रशिक्षण/कार्यशाला तथा प्रशिक्षित हस्तशिल्पियों को ट्रेड टैक्सटाइल में एक्सपोजर विजिट कराया जाना प्रस्तावित है,जिसमें भारत सरकार द्वारा जारी ट्रेड टैक्सटाइल में हस्तशिल्प पहचान पत्र धारक हस्तशिल्पी अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। आवेदन पत्र की अन्तिम तिथि 27.12.2024 तक है। आवेदन पत्र कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। साक्षात्कार हेतु दिनांक 28.12.2024 को प्रातः 11.00 बजे अपने सभी प्रमाण पत्रों सहित कार्यालय जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केन्द्र एस0डी0 फील्ड इटावा में उपस्थित हों। अधिक जानकारी हेतु किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केन्द्र एस0डी0 फील्ड इटावा में संपर्क किया जा सकता है।

# बाबा साहब पर टिप्पणी से नाराज समाजवादी कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

## जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर दिया ज्ञापन

ब्यूरो इटावा एक्सप्रेस राजीव कुमार

सपा नेताओं ने महामहिम राष्ट्रपति जी के नाम सौंपा ज्ञापन संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के खिलाफ लोकसभा कार्रवाई के दौरान संसद भवन में देश के गृहमंत्री अमित शाह जी द्वारा की गई अभद्र टिप्पणी के विरोध में ज्ञापन सपाइयों ने दिया ज्ञापन, दिए गए ज्ञापन में बताया कि आपके




संज्ञान में लाना है और आप अवगत भी हैं लोकसभा कार्रवाई के दौरान संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के खिलाफ देश के गृहमंत्री अमित शाह द्वारा अभद्र टिप्पणी की गई है जिससे देश की जनता की भावनाएं आहत हुई हैं संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव जी ने जो संविधान बनाया था वह देश की खुशहाली और विकास के लिए था और देश की जनता की आवाज थी। महामहिम राष्ट्रपति महोदया जी आपसे समाजवादी पार्टी जनपद इटावा उत्तर प्रदेश मांग करती है कि संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी पर लोकसभा कार्रवाई के दौरान देश के गृहमंत्री श्री अमित शाह जी द्वारा की गई टिप्पणी क्षमा योग्य नहीं है, श्री अमित शाह को गृहमंत्री पद से तत्काल बर्खास्त करने का कष्ट करें। ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से सपा जिला महासचिव वीरभान सिंह भदौरिया वीरू, उपाध्यक्ष उत्तम सिंह प्रजापति, अनवार हुसैन, सर्वेश शाक्य पूर्व विधानसभा प्रत्याशी इटावा, वरिष्ठ नेता उदयभान सिंह यादव,जिला कोषाध्यक्ष बृजेंद्र यादव, राजपाल सिंह यादव, नफीसुल हसन अंसारी, विकास गुप्ता विक्की जिला प्रवक्ता, जिला अध्यक्ष लोहिया वाहिनी किशन यादव, मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड जिलाध्यक्ष नरेंद्र पाल, युवजन सभा जिलाध्यक्ष आदित्य गोविंद यादव, ब्रजवीर यादव लाला, एडवोकेट राजू यादव, रविंद्र यादव प्रदेश सचिव सैनिक प्रकोष्ठ, आलोक यादव, अभिषेक यादव, शिव शंकर यादव, मालती यादव, सूरजमुखी, मनीषा यादव, पुष्पेंद्र गोयल, प्रदीप यादव, हिमांशु राठौर, चंदू यादव, सुभाष यादव, अंकुर यादव, अमित कठेरिया पूर्व राष्ट्रीय सचिव लोहिया वाहिनी, लवलेश कठेरिया, अश्वनी शाक्य, अमित सोनी, अवनीश आगमन, प्रदीप कुमार, अंशुल यादव, सौरव यादव आदि सैकड़ो लोग मौजूद रहे

# शनिवार को तहसील ताखा में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित होगा

ब्यूरो इटावा एक्सप्रेस

इटावा शासन के निर्देशानुसार माह के प्रथम व तृतीय शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवसों का आयोजन किया जा रहा है इसी क्रम में आज 21 दिसंबर 2024 शनिवार को तहसील ताखा में जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित होगा। जिलाधिकारी ने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि होने वाले संपूर्ण समाधान दिवस में समय से पहुंचे।

# इटावा रेलवे स्टेशन पर राजधानी का ठहराव किया जाये सांसद जितेन्द्र दोहरे

इटावा एक्सप्रेस

इटावा – अल्पसंख्यक समाज के लिए सियालदह एक्सप्रेस अजमेर शरीफ को जाने के लिए, तथा राजधानी एक्सप्रेस का इटावा रेलवे स्टेशन में ठेहराव किया जाये। भरथना रेलवे स्टेशन पर कोरोना काल में बंद हुई संगम एक्सप्रेस, महानंदा एक्सप्रेस , मुरी एक्सप्रेस का पुनः ठहराव किया जाये औरैया वासियों के लिए औरैया से उरई होकर ग्वालियर जाने के लिए रेलगाड़ी की सुविधा से सम्बन्धित विभिन्न समस्याओं को सांसद जितेंद्र दोहरे ने लोक सभा में केंद्रीय रेलमन्त्री अश्वनी वैष्णव से मिलकर उपरोक्त समस्याओं से अवगत कराया। समाजवादी जिला अध्यक्ष प्रदीप उर्फ बबलू शाक्य, जिला मीडिया प्रभारी विकास विक्की गुप्ता के साथ साथ सैकड़ों समाज सेवियों ने बहुत बहुत आभार व्यक्त किया



# सेंटमैरी स्कूल में हुआ दो दिवसीय परोपकारार्थ मेले का शुभारम्भ

इटावा एक्सप्रेस राजीव यादव

सेंटमैरी के बच्चों का टेलेंट राष्ट्र निर्माण में करेगा योगदानरू एसएसपी





संजय वर्मा इटावा जनपद के दो गरीब परिवारों को निशुल्क घर बनाकर देने के परोपकारी उद्देश्य को लेकर सेंटमैरी इंटर कॉलेज में लगाए गए दो दिवसीय मैरियमपैथिया 2024 मेले का शुभारंभ मुख्य अतिथि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने फीता काट कर किया। उन्होंने सेंटमैरी के छोटे छोटे बच्चों द्वारा लगाए शानदार खेल स्टॉल्स का निरीक्षण भी किया और खेल भी खेले। इस अवसर पर बोलते हुए एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने कहा कि संट मैरी स्कूल के छोटे छोटे बच्चों ने बेहतरीन तकनीक और ट्रिक का इस्तेमाल कर जिस तरह का टेलेंट साबित किया,उसे देखकर कहा जा सकता है कि एक दिन यही बच्चे राष्ट्र के निर्माण में उल्लेखनीय योगदान करेंगे। उन्होंने आगे अपने प्रेरक संदेश में कहा कि आप चाहे जो भी काम करते हों,आपकी कोशिश होनी चाहिए कि आप पूरे मनोयोग और पूरी दक्षता से अपने कार्य का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दें तो निश्चित ही आप जीवन में सफल व्यक्ति माने जाएंगे। उन्होंने सम्मान देने के लिए सेंटमैरी के प्रिंसपल फादर शीजू जार्ज,मैनेजर फादर विंसन, वाइस प्रिंसिपल फादर बिबिन,सिस्टर जोस्मिन,हैड मिस्ट्रेस सिस्टर नवीना समेत समस्त स्टाफ का आभार भी जताया। इससे पूर्व सेंटमैरी स्कूल पहुंचने पर विद्यालय के बच्चों द्वारा एसएसपी को बैंड बजाकर गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।स्कूल के प्रिंसिपल फादर शीजू जार्ज,मैनेजर फादर विंसन व वाइस प्रिंसिपल फादर बिबिन ने भी बुके देकर उनका स्वागत किया। वर्ल्ड ऑफ गेम्स यानी खेलो का संसार की थीम पर लगाए गए इस दो दिवसीय मेले में प्रथम दिन कक्षा के जी से लेकर कक्षा सात तक के बच्चों ने छोटी छोटी बॉल्स,वाटर, पिस्टल से निशाना,रिंग बॉल, हिट इट,मस्ती बाजार, क्रिएटिव गेमर्स,हॉरर जॉन,थ्री डी कैमरे से वर्चुअल रियलिटी का अनुभव आदि के चौदह स्टॉल लगाए,इन सभी पर एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने जा जाकर उन खेलों का आनंद उठाया।बच्चों ने भी मेले में लगाए गए गेम्स और खाने पीने के स्टॉल,घुड़सवारी और झूलों का टिकट खरीद कर खूब मजा लिया।कार्यक्रम का संचालन कर रहे स्कूल के कॉर्डिनेटर जैकब चाको ने बताया कि इस चौरिटी (परोपकारी) मेले को लगाए जाने का उद्देश्य यह है कि इससे जो कलेक्शन आएगा, उससे हमारा विद्यालय इस जिले के दो अत्यंत गरीब परिवारों को रहने के लिए दो घर बनाकर देगा। सेंटमेरी में कल दूसरे दिन लगने वाले मेले में क्लास 8 से 12 तक के बच्चे अपना हुनर दिखाएंगे।मेले की व्यवस्था बनाने में को–ऑर्डिनेटर अनीश एलेक्स, पीआरओ अबू थॉमस सहित समस्त सेंटमेरी परिवार का सराहनीय योगदान रहा।

## सुशासन सप्ताह प्रशासन गांव की ओर ग्राम चौपाल के सफल क्रियान्वयन हेतु जिलाधिकारी अवनीश राय की अध्यक्षता में प्रेरणा सभागार में बैठक की गई आयोजित

इटावा ।सुशासन सप्ताह प्रशासन गांव की ओरष के अंतर्गत ग्राम चौपाल के सफल क्रियान्वयन हेतु जिलाधिकारी अवनीश कुमार राय की






अध्यक्षता में विकास भवन स्थित प्रेरणा सभागार में बैठक आयोजित की गई। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सुशासन सप्ताह प्रशासन गांव की ओर के अंतर्गत ग्राम चौपाल में मुनादी आदि कराकर लोगों को जागरूक किया जाए एवं सभी योजनाओं का प्रचार प्रसार अवश्य किया जाए । उन्होंने कहा कि चौपाल में रजिस्टर अवश्य बनाया जाए जिससे उच्च अधिकारियों के आने पर उनको अवगत कराया जाए । उन्होंने कहा कि सभी संबंधित अधिकारी चौपाल में समय से उपस्थित होकर जनता की समस्याओं को सुने एवं मौके पर इसका निस्तारण भी किया जाए साथ ही साथ उन्होंने यह भी अवगत कराया की चौपाल में बैनर लगाया जाए, चौपाल के अंतर्गत जनता की सभी समस्याओं को सुना जाए एवं सभी योजनाओं के बारे में उन्हें जागरूक भी किया जाए तथा पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ भी दिया जाए। उन्होंने कहा कि चौपाल के समय लेखपालों का उपस्थित रहना अनिवार्य है जिससे कि खतौनी आदि की जांच कर मौके पर फ़ीड कराया जाए। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित अधिकारी चौपाल में समय का विशेष ध्यान रखें समय में किसी भी प्रकार की हेरा फेरी ना की जाए। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम ,अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, वरिष्ठ कोषाधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी बनवारी सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार, जिला विकास अधिकारी राकेश कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सत्यपाल सिंह,समस्त उप जिलाधिकारी एवं संबंधित अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## जयपुर में DPS स्कूल के पास पेट्रोल पंप पर ब्लास्ट:सीएनजी गैस से भरा टैंकर फटा

जयपुर में दिल्ली पब्लिक स्कूल के सामने गैस से भरे टैंकर में ब्लास्ट हो गया। शुक्रवार सुबह करीब 6 बजे जयपुर–अजमेर नेशनल हाईवे पर हुए हादसे में एक पेट्रोल पंप का हिस्सा भी चपेट में आ गया है। ब्लास्ट में 20 से ज्यादा गाड़ियां जल गई हैं। हादसे में हाईवे के किनारे मौजूद एक पाइप फैक्ट्री जलकर राख हो गई। धमाके और आग के कारण हाईवे को बंद किया गया है। वहीं, ब्लास्ट की सूचना मिलते ही 30 से ज्यादा एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंची हैं। हादसे की जगह गैस फैलने से रेस्क्यू में परेशानी आ रही है। अब तक 10 झुलसे लोगों को जयपुर के सवाई मानसिंह हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया है।

## एसडीएम ने रात्रि भ्रमण कर जरूरतमंदों में बांटे कंबल, जलाए अलाव

### तहसीलदार व नायब तहसीलदार भी रहे मौजूद

इटावा एक्सप्रेस चकरनगर

मंगलवार रात्रि समय तहसील स्तरीय अधिकारियों ने ग्राम लेखपालों के साथ कस्बों सहित ग्रामीण क्षेत्र व मंदिरों पर साधुसंतों का हाल जाना और जरूरतमंद और असहाय लोगों में कंबल वितरण किए। इस मौके पर क्षेत्र के अलाव जलवाते हुए लेखपालों को समुचित लकड़ी की व्यवस्था करने का आदेश दिया। पशु



चिकित्सक को गौवंशी के उपचार का आदेश दिया। तहसील क्षेत्र के कस्बा चकरनगर व हनुमंतपुरा चौराहे का रात्रि समय एसडीएम चकरनगर ब्रह्मानंद सिंह कठेरिया, तहसीलदार विष्णु दत्त मिश्र, नायब तहसीलदार अखिलेश कुमार ने संबंधित लेखपालों के साथ ग्रामीणों व राहगीरों का हाल जाना। अधिकारियों की टीम ने रात्रि समय चंबल किनारे स्थित ऐतिहासिक सिद्धनाथ मंदिर पर पहुच कर साधु संतों को कंबल वितरण करते हुए हाल जाना। इसके बाद हनुमंतपुर कस्बा में अलाव का निरीक्षण किया तो आलाव जलता मिला। कस्बा में निराश्रित गौवंस के पैर में घाव देखकर डॉक्टर अशोक कुमार को तत्काल इलाज करने और गौशाला में पहुंचाने के निर्देश दिए। ग्राम लेखपाल सुधीर यादव को निर्देशित किया कि रोजाना रात्रि में कस्बा के प्रमुख स्थानों पर अलाव जलाने की व्यवस्था करें। किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान तहसीलदार विष्णु दत्त मिश्र ने कहा कि कोई भी गरीब कंबल से वंचित नहीं रहेगा। तहसील परिसर, चकरनगर व हनुमंतपुर कस्बा, बल्लो गढ़िया, बंसरी तिराहा, राजपुर अस्पताल पर अलाव जलवाए जा रहे हैं। इसके साथ अन्य स्थानों पर भी अलाव जलवाने के निर्देश दिए।

## गैस रिफलिंग का अवैध कारोबार, खाद्य विभाग के सप्लाई इंस्पेक्टर ने की खानापूर्ति

### इटावा के भरथना मोतीगंज बकेवर मार्ग स्थित एक गेस्टहाउस के गेट पर गैस रिफलिंग का अवैध कारोबार, खाद्य विभाग के सप्लाई इंस्पेक्टर ने की खानापूर्ति ?

इटावा एक्सप्रेस रवि भरथना इटावा

भरथना तहसील कस्बा के मोतीगंज बकेवर मार्ग स्थित बुधवार देरशाम करीब 6:30बजे एक गेस्टहाउस के गेट पर उज्जवला LPG गैस के अवैध









विक्रय और रिफलिंग जोरो पर चल रही हैं। एक गेस्टहाउस के गेट पर करीब दो दर्जन से अधिक गैस सिलेंडर रखे और काटे पर गैस सिलेंडर से रिफलिंग होते तस्वीरें दिखाई दे रही हैं। बस्ती के बीच बिना सेप्टी के उज्जवला स्च्ळ गैस का अवैध कारोबार जोरो पर संचालित हैं। कृष्णा नगर, बालूगंज, बिधूना मार्ग आर्य श्यामा इण्टर कॉलेज के समीपवर्ती कई जगह गैस रिफलिंग का कारोबार चल रहे हैं। इसकी उपजिलाधिकारी सुशान्त श्रीवास्तव को सूचना देने के बाद खाद्य विभाग के सप्लाई इंस्पेक्टर पहुँचे उससे पहले गैस रिफलिंग माफिया को सूचना दे दी गयी। टीम पहुंचने से पहले गैस का कारोबार हटा लिया गया। इससे स्पष्ट हो गया कि खाद्य विभाग की सांठ गांठ से चल रही उज्जवला स्च्ळ गैस रिफलिंग का कारोबार चल रहा हैं। उप जिलाधिकारी के आदेश की खानापूर्ति करते हुए खाद्य विभाग सप्लाई इंस्पेटर ने पहुंचकर गैस रिफलिंग माफिया उसके सहयोगी से गुफ्तगू करके वापस लौट गये ? सूत्रो ने बताया कि लखना इलाके की गैस एजेंसी से पिकअप गाड़ीघ् उज्जवला गैस सिलेंडर की सप्लाई देने पहुंचती हैं।

## सम्पादकीय

# पिघली अवरोध की बर्फ

यह हकीकत है कि चीन भौगोलिक रूप से हमारा पड़ोसी है, हम पड़ोसी नहीं बदल सकते। ऐसे में जरूरी है कि तमाम विसंगतियों के बावजूद अपनी संप्रभुता और हितों की रक्षा के साथ पड़ोसी से रिश्ते बेहतर बनाए जाएं। लंबी खटास व तनातनी के बाद भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और चीनी विदेश मंत्री वांग यी के बीच बीजिंग में हुई हालिया बैठक के सार्थक परिणाम सामने आए हैं। बीजिंग में डोभाल व वांग तथा दोनों देशों के विशेष प्रतिनिधियों की बैठक निश्चित रूप से कूटनीतिक लिहाज से महत्वपूर्ण प्रगति कही जा सकती है। खासकर 2020 में गलवान घाटी में हुई झड़पों के बाद पांच वर्षों में यह पहली बातचीत, दो एशियाई दिग्गजों के बीच संबंधों को सामान्य बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण व सतर्क बदलाव को ही दर्शाती है। दरअसल, इस चर्चा का केंद्र लद्दाख पर अक्तूबर 2024 के समझौते का कार्यान्वयन था। यह सुखद ही है कि दोनों पक्षों ने वास्तविक नियंत्रण रेखा यानी एलएसी पर शांति बनाये रखने की प्रतिबद्धता जतायी। निश्चय ही यह कदम भविष्य में संघर्षों को रोकने के लिये एक महत्वपूर्ण कदम है। बैठक में सीमा व्यापार बढ़ाने, सीमा पार नदियों का डेटा साझा करने तथा कैलाश मानसरोवर की यात्रा को फिर से शुरू करने जैसे क्षेत्रों में सहयोग को गहन करने के उद्देश्य से छह सत्री सहमति पर भी जोर दिया गया। हालांकि, ऐसा भी नहीं है कि इस तरह की सहमति से सारी चुनौतियां एकदम खत्म हो चुकी हैं। निर्विवाद रूप से सीमा विवाद एक संवेदनशील व जटिल मुद्दा बना है। जिसकी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि है। ऐसे में जरूरत इस बात की है कि आपसी विश्वास में व्याप्त कमी को दूर किया जाए। निश्चित रूप से व्यावहारिक कूटनीति के साथ विश्वास निर्माण के उपायों को कदम दर कदम बढ़ाया जाना चाहिए। हालांकि इन प्रतिबद्धताओं को अमलीजामा पहनाने के लिये सतर्कता के साथ और राजनीतिक इच्छाशक्ति की जरूरत होगी। बहरहाल, खट्टे-मीठे रिश्तों और लंबी कटुताओं के बावजूद इस बैठक के निहितार्थों को व्यापक संदर्भों में नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। निर्विवाद रूप से चीन आज दूसरी बड़ी वैश्विक शक्ति है। भारत ने भी आर्थिक व अन्य क्षेत्रों में आशातीत प्रगति की है। इसके बावजूद दोनों ही देश वैश्विक शक्ति की बदलती गतिशीलता से जूझ रहे हैं। खासकर अमेरिका में होने जा रहे राजनीतिक परिवर्तन से उबरने वाली आर्थिक चुनौतियों के मद्देनजर। ऐसे में बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था को दोनों देशों की एकजुटता प्रभावित करने की क्षमता रखती है। खासकर व्यापार, प्रौद्योगिकी तथा ब्रिक्स जैसे बहुपक्षीय प्लेटफॉर्मों में सहयोगात्मक पहल से क्षेत्र में स्थिरता और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त हो सकता है। निस्संदेह, दोनों देशों की सीमा पर शांति की पहल एक शुरूआत मात्र है। इसके उपरांत दोनों देशों के लोगों के बीच संपर्क, व्यापार बाधाओं व असंतुलन को दूर करना वक्त की जरूरत है। हमें सांस्कृतिक सहयोग के जरिये दोनों देशों के संबंधों को नए सिरे से परिभाषित करने का लाभ उठाना चाहिए। विश्वास कायम करने और संघर्ष की छाया दूर करने के लिये ऐसे सकारात्मक कदम जरूरी हैं। निस्संदेह, रिश्तों को सामान्य बनाने का रास्ता लंबा है, लेकिन सार्थक संवाद से अधिक सामंजस्यपूर्ण भविष्य की आशा लगातार बनी रहती है। भारत और चीन के लिये शांति सिर्फ एक आदर्श मात्र नहीं बल्कि एक अपरिहार्य आवश्यकता है। निस्संदेह, भारत और चीन के बीच हुई यह तेईसवीं मुलाकात नई उम्मीद जगाती है। उल्लेखनीय है कि भारतीय राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और चीनी विदेश मंत्री के बीच यह बातचीत कजान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मुलाकात के बाद लिए गए फैसले के अनुरूप ही हुई है। जिसमें सीमा क्षेत्रों में शांति और सौहार्द की बहाली और सीमा विवाद का उचित समाधान तलाशने पर सहमति बनी थी। उम्मीद की जानी चाहिये कि संक्रमण के दौर से गुजर रहे वैश्विक परिदृश्य में भारत व चीन एकजुट होकर निर्णायक भूमिका निभाएंगे। यह स्थिति दोनों देशों के हित में ही कही जाएगी।

# कांग्रेस के लिए उपदेश की कमी नहीं है

अरविन्द मोहन

अगर उमर अब्दुल्ला के बयान का मतलब नेशनल कांफ्रेंस का आधिकारिक बयान है तो अभिषेक बनर्जी के बयान को भी तृणमूल कांग्रेस का आधिकारिक बयान मानना चाहिए। और हम आप मानें न मानें लेकिन जब इवीएम के दुरुपयोग के सवाल पर उम्र अब्दुल्ला के बाद अभिषेक बनर्जी भी मिलता जुलता बयान दे रहे हैं तो कम से कम कांग्रेस को तत्काल इसका नोटिस लेना चाहिए। यह सवाल कॉंग्रेस या राष्ट्रवादी कांग्रेस और समाजवादी पार्टी द्वारा हरियाणा और फिर महाराष्ट्र के नतीजों के बाद वोटिंग मशीन के दुरुपयोग पर उठाए जाने वाले हंगामे के बाद ही विपक्षी श्इंडिया्य गठबंधन के नेतृत्व के सवाल पर एक दौर में सभी गैर कांग्रेसी साझीदारों द्वारा ममता बनर्जी को नेता बनाने की मांग के साथ सामने आया है। इसमें कांग्रेस या सपा-राजद जैसे विपक्षी दलों द्वारा चुनाव हारने के बाद ( और उसी मशीन से चुनाव जीतने के बाद चुप्पी साध लेने) वोटिंग मशीन पर सवाल उठाने का सवाल भी है लेकिन कहीं न कहीं कांग्रेस पर दबाव बनाने की मंशा भी शामिल है। जब से मौजूदा सरकार ने चुनाव आयुक्तों के चुनाव के पैनल से सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को हटाकर केन्द्रीय गृहमंत्री को सदस्य और चयन समिति में सरकार के साफ बहुमत की व्यवस्था की है तब से कांग्रेस ही नहीं लगभग पूरा विपक्ष आयोग के फैसलों और चुनाव के नतीजों को लेकर शंका जाहिर करता रहा है लेकिन उसने कभी भी इसे आर-पार की लड़ाई का सवाल नहीं बनाया है। इसलिए उसकी मांगों का वजन हल्का होता गया है। कांग्रेस नेतृत्व पर इस सवाल को उठाने के साथ इंडिया गठबंधन के कामकाज को व्यवस्थित करने और नेता चुनने का दबाव अभी ज्यादा लग रहा है और वह भी स्वाभाविक है। क्योंकि चुनावों के चक्कर में वह इस विपक्षी गठबंधन के कामकाज को व्यवस्थित करना भूल गई थी। एक तो कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे इंडिया के संयोजक हैं और उन्होंने लंबे समय से कोई बैठक नहीं बुलाई है। दूसरे इस बीच विपक्षी गठबंधन के बीच खटर-पटर की खबरें भी आती रही हैं। और अब तो यह पक्का लग रहा है कि दिल्ली विधान सभा चुनाव में आप और कांग्रेस अलग-अलग ही लड़ेंगे। कहां तो अब तक एक साझा नीति वक्तव्य और कार्यक्रम तय हो जाना चाहिए था और कहां अभी हर चीज बिखरी ही दिखती है। बल्कि जो चीजें लोक सभा चुनाव के नतीजों के बाद व्यवस्थित लग रही थीं उनमें भी गड़बड़ नजर आने लगी है। कांग्रेस और सपा के, कांग्रेस और राजद के, कांग्रेस और नेशनल कान्फ्रेंस के तथा कांग्रेस और द्रमुक के रिश्तों में निश्चित रूप से गिरावट आई है। आप की चर्चा पहले की ही जा चुकी है और अब बगावती ममता बनर्जी के तेवर और कठोर हुए हैं।

इन सबका रिश्ता हरियाणा और महाराष्ट्र ही नहीं जम्मू-कश्मीर विधान सभा चुनाव में कांग्रेस के खराब प्रदर्शन से है। और आगे दिल्ली या बिहार विधान सभा चुनाव में भी उसके कोई बहुत अच्छा करने की उम्मीद नहीं है। कांग्रेस के चुनावी प्रदर्शन से भी ज्यादा खराब प्रदर्शन इंडिया गठबंधन के नेतृत्व के मामले में हुआ है। कांग्रेस और खास तौर पर राहुल गांधी ने सवालों पर ज्यादा उदारता दिखाई है लेकिन व्यवस्थित फैसले कराने में उनकी भी रुचि नहीं लगती। जिस गठबंधन को नीतीश कुमार ने सबकी इच्छा के अनुसार चुटकी बजाते खड़ा कर दिया था वह खुद नीतीश को साथ न रख पाया। और आज यह हालत है कि खुद कांग्रेस गरीब की जोरू वाली स्थिति में है जिसे हर कोई उपदेश पिला रहा है। कभी कोई शिव सैनिक कांग्रेस से खानदानी दुश्मनी की याद दिलाता है तो कभी अबू आजमी भी चार फटकार लगा देते हैं। ममता तो बहुत बड़ी हैं पर इंडिया गठबंधन के नए नेता लोग भी कांग्रेस को सीख देने में पीछे नहीं रहते। कांग्रेस के सबसे भरोसेमंद साथी लालू यादव भी ममता को नेता बनाने की वकालत कर चुके हैं। बल्कि इस सवाल पर अकेले तेजस्वी यादव ने संतुलित बयान दिया कि ममता को नेता मानने में उज्र नहीं है लेकिन फैसला तो सबकी सहमति से ही होगा। कांग्रेस पर भाजपा की तरफ से लगातार हमले जारी हैं तो इसलिए नहीं कि लोक सभा के अच्छे प्रदर्शन के बाद कांग्रेस कुछ कमजोर पड़ी है और जीत से भाजपा की हताशा खत्म हुई है। भाजपा की रणनीति इंडिया गठबंधन के साझीदारों की तरह कांग्रेस पर ज्यादा दबाव बनाकर कुछ सौदेबाजी कर लेने की भी नहीं है। उसे कांग्रेस और राहुल के रूप में ही अपना सबसे बड़ा दुश्मन नजर आता है। क्षेत्रीय पार्टियां भले उसे चुनाव में ज्यादा गंभीर चुनौती दें लेकिन पूरी राजनीति में आज उसे सिर्फ कांग्रेस और राहुल गांधी या गांधी नेहरू परिवार से ही चुनौती मिलती है इसलिए वह तो अपना हमला तेज करेगी ही। और मात्र संयोग नहीं है कि मीडिया और अनेक संस्थाओं से उसे समर्थन मिलता है जबकि कांग्रेस इन सबको भी दुश्मन बनाए हुई है। कांग्रेस भी किन मुद्दों को सामने करके भाजपा को बैकफुट पर धकेले यह उसकी आंतरिक चर्चा और बाहर की चर्चा का विषय हो सकता है। लेकिन हर तरफ से कांग्रेस और खास तौर से राहुल को उपदेश पिलाया जा रहा है।

इस सब में हर्ज नहीं है लेकिन कुछ बड़े सवाल हैं कि राहुल और कांग्रेस कुछ सीखते क्यों नहीं। वे पार्टी संगठन और इंडिया गठबंधन के सांगठनिक स्वरूप पर ध्यान क्यों नहीं देते। उनके बोलने का विषय कौन तय करता है, उनके राजनैतिक कार्यक्रम कौन बनाता है। वे क्यों बार-बार संघ परिवार द्वारा बिछाए सावरकर वाले जाल में फंसते हैं जबकि यह सब सेटल मैटर है। वे क्यों चुनावी पराजय के बाद भी जाति का राग आलाप रहे हैं जबकि दलित-पिछड़ा-महिला विरोधी होकर भी भाजपा और संघ इन समूहों में अपनी पकड़ मजबूत करते जा रहे हैं। आर्थिक नीतियों के सवाल को राहुल क्यों अदानी तक सीमित कर रहे हैं। क्या यह सिलसिला मनमोहन राज में शुरू नहीं हुआ था और पिछड़ों के मामले में कांग्रेस का रिकार्ड क्या है। सिर्फ रिकार्ड ही रोक सके ऐसा भी नहीं है लेकिन सिर्फ जुबानी जमाखर्च से पिछड़ा दलित आदिवासी आपके पीछे गोलबंद हों जाए यह भी संभव नहीं है। और सबसे बढ़कर यह है कि राहुल छोटी-छोटी सफलताओं से इतना इतराते क्यों हैं (हालांकि बड़ी से बड़ी पराजय की परवाह न करके आगे बढ़ना उनका गुण है)। संसद में एक अच्छा भाषण देकर अपने दोस्तों को आंख मारना या अमेरिका यात्रा में भारत में एजेंडा सेटिंग का दावा करना ऐसे ही मामले हैं। जाहिर है उनके करीब जमा बैठा दल उनसे काफी कुछ ऐसा करा रहा है जो उनको नहीं करना चाहिए।



# बाइक में रखे रुपए की चोरी की सूचना पर पुलिस ने खंगाले सीसीटीवी कैमरे

ब्यूरो चीफ गौरव शर्मा इटावा एक्सप्रेस शिकोहाबाद। बाइक में रखे एक लाख रुपये किसी व्यक्ति ने चोरी कर लिए। जानकारी होने पर पीड़ित ने घटना की जानकारी थाना पुलिस को दी। पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले। इसके बाद पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। शिकोहाबाद बालाजी मंदिर के समीप निवासी सामंत सिंह पुत्र रघुवीर सिंह 18 दिसंबर को दोपहर एक बजे के करीब बैंक ऑफ इंडिया से एक लाख रुपये निकाल कर बाइक के बैग में रख लिए और बाइक से स्टेशन रोड स्थित राजपूत मेडिकल दवा लेने जा रहे थे। तभी रास्ते में बैंक से लेकर तहसील तिराहे तक जाम होने के कारण किसी अज्ञात व्यक्ति ने मोटर साइकिल से रुपयों का बैग निकाल लिया। बैग में रुपयों के साथ ही बैंक की पासबुक आधार कार्ड, पैन कार्ड व पुत्र का आधार कार्ड भी रखा हुआ था। जिसे किसी अज्ञात व्यक्ति ने निकाल लिया। इसकी जानकारी तब हुई जब उन्होंने राजपूत मेडिकल पर दवा के पैसे देने के लिए बाइक का बैग खोला। बाइक में रुपयों से भरा बैग ना दिखने पर वह हैरान रह गये। घटना की सूचना डायल 112 और थाना पुलिस को दी। पुलिस ने जानकारी होते ही घटना की जांच की और सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार ने बताया कि चोरी में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। शीघ्र ही घटना का खुलासा किया जायेगा।

# सफाई कर्मियों को सर्द रातों में ठंड से बचाने के लिए नगर पालिका प्रशासन ने ट्रैकसूट वितरित किए



इटावा एक्सप्रेस शिकोहाबाद।

सफाई कर्मियों को सर्द रातों में ठंड से बचाने के लिए नगर पालिका प्रशासन ने ट्रैकसूट वितरित किए। जिन्हें पाकर सफाई कर्मियों के चेहरों पर खुशी की लहर दौड़ गई। नगर पालिका प्रशासन सर्दियों के मौसम में शहर की सफाई कार्य में जुटे हुए सभी सफाईकर्मियों की सेहत का ख्याल रख रही है। नगरपालिका प्रशासन ने शुक्रवार को पालिकाध्यक्ष रानी गुप्ता की उपस्थिति में सफाईकर्मियों को ट्रैकसूट एवं जूते वितरित किए। अधिशाषी अधिकारी सुरेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि नगरपालिका प्रशासन ने इस वर्ष सफाईकर्मियों को ठंड से बचाने के लिए ट्रैकसूट एवं जूते खरीदे हैं। शुक्रवार को इन्हें सफाईकर्मियों को वितरित किया गया है। पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि राजीव गुप्ता ने बताया कि पालिका में स्थाई सफाईकर्मी 106, संविदा पर 71, ठेके पर 166 और डोर टू डोर पर 65 सफाई कर्मचारी तैनात हैं।

# फिरोजाबाद थाना नारखी क्षेत्र में एक विवाहिता का शव फंदे पर लटका हुआ मिला

फिरोजाबाद थाना नारखी क्षेत्र में एक विवाहिता का शव फंदे पर लटका हुआ मिला मौके पर पहुंचे मायका पक्ष ने ससुरालीजनों पर दहेज के लिए हत्या करने का लगाया आरोप बताया गया कि मृतका की साढे चार साल पहले शादी हुई थी और अभी तक कोई भी संतान नहीं थी। ससुरालीजन मौके से फरार हो गए हैं। पूरा मामला थाना नारखी क्षेत्र के गांव छतरपुर की ठार जसरथपुर का है। यहां पर रहने वाली 26 वर्षीय भूरी देवी पत्नी अमन का शव रविवार रात्रि घर के अंदर ही फंदे पर लटका हुआ मिला। आसपास के लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस और मायका पक्ष को दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। वहीं मायका पक्ष ने ससुरालीजनों पर दहेज के लिए हत्या करने का आरोप लगाया है। गांव दौलतपुर से पहुंचे मायका पक्ष ने पुलिस को बताया कि भूरी देवी की शादी 4 साल पहले अमन के साथ हुई थी। उसके कोई भी संतान नहीं थी। जिसे लेकर पति–पत्नी के बीच आए दिन कहासुनी भी हुआ करती थी। घटना के बाद से ही ससुरालीजन घर से फरार हैं। इंस्पेक्टर नारखी का कहना है विवाहिता के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया है। घटना को लेकर जानकारी की जा रही है। ससुरालीजन अभी फरार हैं। उनकी भी तलाश की जा रही है। रिपोर्ट गौरव शर्मा इटावा एक्सप्रेस हिंदी समाचार पत्र फिरोजाबाद

# वाहन चोर गिरोह के एक सदस्य को पुलिस ने किया गिरफ्तार

इटावा एक्सप्रेस फिरोजाबाद

एसएसपी के निर्देशन में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना उत्तर पुलिस ने वाहन चोर गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से करीब दो माह पूर्व चोरी की गई बाइक व तमंचा, कारतूस बरामद हुए है। एसपी सिटी रविशंकर प्रसाद के नेतृव में सीओ सिटी अरूण कुमार चौरसिया, थाना उत्तर प्रभारी राजेश कुमार पाण्डेय पुलिस टीम के साथ गश्त पर थे। तभी मुखविर की सूचना पर गणेश नगर जाने वाले रोड पर वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। पुलिस को देखकर बाइक सवार एक युवक भागने लगा। पुलिस दल ने पीछा कर उसे पकड लिया। पकडा गया चोर नरवेश छिंगा उर्फ दूधिया पुत्र रामवकील निवासी गांव रैना थाना फरिहा है। जिसके पास से 7 अक्टूबर को जैन नगर स्थित डॉक्टर बीना जैन हास्पीटल के बाहर से चोरी हुई स्पलेण्डर बाइक बरामद हुई है। इसके अलावा एक तमंचा व कारतूस भी मिला है।



## युवक ने पत्नी से नाराज होकर फांसी लगाकर की आत्महत्या

इटावा एक्सप्रेस फिरोजाबाद गौरव शर्मा

फिरोजाबाद थाना रामगढ़ क्षेत्र के संतोष नगर निवासी एक युवक ने पत्नी से नाराज होकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची इलाका पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया है।

थाना रामगढ़ के संतोष नगर निवासी मनीष पुत्र राम प्रकाश गहलोत ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा है। परिजनों ने बताया कि एक महीने पहले उसकी पत्नी मायके चली गई थी, जिसके कारण वह शराब का बहुत आदी हो गया था। शराब के नशे में युवक ने आत्महत्या कर ली है।

## थाना मटसैना पुलिस टीम द्वारा 1 वाँछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में वाँछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल नेतृत्व में मटसैना पुलिस टीम द्वारा थाना मटसैना पर पंजीकृत मुकद्मा संख्या 24/2024 धारा 306/201 भादवि में वाँछित चल रहे अभियुक्त देवेन्द्र पुत्र गौरी शंकर निवासी नगला श्रोती थाना मटसैना जनपद फिरोजाबाद को मुखबिर खास की सूचना पर विजयपुरा पुल थाना मटसैना के पास से गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है । गिरफ्तारशुदा अभियुक्त नाम/पता– देवेन्द्र पुत्र गौरी शंकर निवासी नगला श्रोती थाना मटसैना जनपद फिरोजाबाद । अभियुक्त का आपराधिक इतिहास– मुकद्मा संख्या 24/2024 धारा 306/201 भादवि थाना मटसैना जनपद फिरोजाबाद । गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम– 1.प्रभारी निरीक्षक रंजना गुप्ता थाना मटसैना जनपद फिरोजाबाद । 2.उप निरीक्षक अभय सिंह थाना मटसैना जनपद फिरोजाबाद । 3.कॉन्टेबल 747 अक्षय त्यागी थाना मटसैना जनपद फिरोजाबाद । 4.कॉन्टेबल 1501 शिवम चौधरी थाना मटसैना जनपद फिरोजाबाद ।



# चलती ट्रेन से गिरकर एक यात्री की मौत

ब्यूरो चीफ गौरव शर्मा इटावा एक्सप्रेस फिरोजाबाद।

शिकोहाबाद–मक्खनपुर के समीप चलती ट्रेन से गिरकर एक यात्री की मौत हो गई। जीआरपी पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा है। बताते चलें कि बिहार प्रांत के जिला कटिहार निवासी सिकंदर केवट पुत्र बुद्धिशन केवट पंजाब में परिजनों के साथ रहकर कार्य कर रहा था। विगत दिन अपने साथियों के साथ महानंदा एक्सप्रेस से कटिहार जा रहा था, तभी मक्खनपुर के समीप अचानक वह ट्रेन से किसी तरह गिर गया। जिसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजवाया। वहीं परिजनों को भी सूचना दी। सूचना पर पहुंचे परिजन शव को लेकर कटिहार के लिए रवाना हो गए

## थाना दक्षिण पुलिस टीम द्वारा पोक्सो एक्ट में वांछित 1 अभियुक्त को किया गिरफ्तार

इटावा एक्सप्रेस फिरोजाबाद

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में चल रहे अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण में एवं क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में दिनांक 15.12.2024 को थाना दक्षिण पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर वाछिंत अभियुक्त शिवमंगल पुत्र रामदास सम्बन्धित मुकद्मा संख्या 805/2024 धारा 137(2)/87/76 बीएनएस तथा 7/8 पाक्सो अधि. को एक अवैध तमंचा 315 बोर सहित पीपल वाले ग्राउण्ड के पास खाली प्लाट से गिरफ्तार किया गया है । अवैध तमंचा 315 बोर की बरामदगी के आधार पर मुकद्मा संख्या 817/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया है । गिरफ्तार शुदा अभियुक्त उपरोक्त को विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय भेजा जा रहा है ।

## थाना मटसेना पुलिस टीम द्वारा चौकिंग के दौरान के 2 अभियुक्तों को अवैध शराब सहित किया गया गिरफ्तार

इटावा एक्सप्रेस फिरोजाबाद गौरव शर्मा ब्यूरो चीफ

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा चलाए जा रहे अवैध शराब बिक्री के विरुद्ध अभियान के अन्तर्गत, अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निकट पर्यवेक्षण में एवं क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल नेतृत्व में दिनांक 17 दिसम्बर 2024 को थाना मटसेना पुलिस टीम द्वारा देखरेख शान्ति व्यवस्था रोकथाम जुर्म जरायम चौकिंग सन्दिग्ध व्यक्ति/वाहन व तलाश वांछित अपराधीगण के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर थाना क्षेत्र से अभियुक्त सत्यवीर पुत्र नारायन सिंह मय 24 अदद देशी शराब क्वाटर नाजायज तथा अभियुक्त गजेन्द्र सिंह पुत्र सुम्मेद सिंह को मय 22 क्वाटर देशी शराब नाजायज के गिरफ्तार किया गया । अभियुक्तगण उपरोक्त से बरामदगी/गिरफ्तारी के आधार पर थाना हाजा पर मुकद्मा संख्या 272/2024 धारा 60 आबकारी अधिनियम व मुकद्मा संख्या 273/2024 धारा 60 आबकारी अधिनियम पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है । नाम पता गिरफ्तार अभियुक्तगण 1.सत्यवीर पुत्र नारायन सिह निवासी नगला मुखराम थाना मक्खनपुर जिला फिरोजाबाद । 2.गजेन्द्र सिह पुत्र सुम्मेद सिह निवासी नगला मुखराम थाना मक्खनपुर जिला फिरोजाबाद । बरामदगी 24 अदद देशी शराब क्वाटर नाजायज (सत्यवीर पुत्र नारायन सिंह उपरोक्त से बरामद) 22 क्वाटर देशी शराब नाजायज (गजेन्द्र सिह पुत्र सुम्मेद सिह उपरोक्त से बरामद) गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम– 1. प्रभारी निरीक्षक रंजना गुप्ता थाना मटसैना जनपद फिरोजाबाद । 2. उप निरीक्षक अशोक कुमार थाना मटसैना जनपद फिरोजाबाद । 3. उप निरीक्षक राकेश पुण्डीर थाना मटसैना जनपद फिरोजाबाद । 4. उप निरीक्षक सर्वेश कुमार थाना मटसैना जनपद फिरोजाबाद । 5. कांस्टेबल 747 अक्षय त्यागी थाना मटसैना जनपद फिरोजाबाद ।

# बाबा साहब का अपमान देश और संविधान का निरादर है : माकपा

इटावा एक्सप्रेस
देश के गृहमंत्री अमित शाह द्वारा संसद में बाबा साहब भीमराव आंबेडकर के बारे में दिया गया बयान बहुत ही शर्मनाक एवं निंदनीय है। यह डाक्टर आंबेडकर का तो घोर अपमान है ही यह अमित शाह के मन में डाक्टर आंबेडकर और उनके द्वारा बनाए गए भारतीय संविधान के प्रति कितनी नफरत है इसका भी प्रकटीकरण है। बाबा साहब सदियों से दबाए गए वंचितों और शोषितों को सम्मान से जीने और अपने को मानव समझने का एहसास पहली बार संविधान के माध्यम से कराया है। उनके लिए भारत का संविधान ही सबसे बड़ा धर्म ग्रंथ है। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी इटावा का सचिव मंडल गृहमंत्री अमित शाह के इस बयान की कड़ी आलोचना करता है। माकपा सचिव मंडल ने कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष मलखान सिंह यादव एवं अन्य कांग्रेस नेताओं को घर पर नजर बंद कर उन्हें उनकी पार्टी के विरोध प्रदर्शन में लखनऊ जाने से रोकने तथा लखनऊ में शांतिपूर्ण धरने पर रोक लगाने के लिए योगी सरकार का तानाशाही और जनतंत्र बिरोधी कदम बताया तथा कार्यवाही की भी निंदा की है। किसान सभा के प्रांतीय महामंत्री मंत्री कामरेड मुकुट सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष विश्राम सिंह यादव, माकपा जिला सचिव मंडल सदस्यत, डॉक्टर शौकीन सिंह, जिला कमेटी सदस्य मोनू यादव ने कॉंग्रेस जिलाध्यक्ष मलखान सिंह के घर जाकर शिष्टाचार भेंट की जारीकर्ता एन.आर. यादव, जिला मंत्री, माकपा.

# निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में सराहनीय योगदान देने के लिए माल्यार्पण एवं शॉल ओढ़ाकर प्रतीक चिन्ह भेंटकर सभी को किया सम्मानित

इटावा एक्सप्रेस राजीव यादव
कर्मचारी शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन इटावा की प्रबंध समिति के अध्यक्ष सतेंद्र कुमार वर्मा एवं कर्मचारी शिक्षक वेलफेयर चौहान(स्वास्थ्य विभाग), मनीष चतुर्वेदी, राम कुमार, सुदीप कमल (सिंचाई विभाग)









उत्तर प्रदेश के प्रांतीय अध्यक्ष राजीव यादव प्रांतीय महामंत्री अरविंद धनगर ने कर्मचारी शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित दिनांक 15 /12/ 2024 के निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर की अपार सफलता पर कर्म क्षेत्र महाविद्यालय एसोसिएशन के पदाधिकारी उमा शंकर गुप्ता (सिंचाई विभाग) प्रमोद राजपूत, संजीव यादव (शिक्षा विभाग), डॉक्टर धर्मेंद्र यादव (स्वास्थ्य विभाग), राम बाबू यादव (पी डब्लू डी) प्रीतम भारतद्वाज (पी. डब्लू. डी.), राम कुमार (पी. डब्लू. डी.), डॉक्टर सुबोध अनिल बाजपेई,आनन्द प्रकाश शुक्ला (नगर पालिका परिषद इटावा), राजीव बाल्मीकि (पंचायत राज्य विभाग) को शिविर में सराहनीय योगदान देने के लिए माल्यार्पण एवं शॉल ओढ़ाकर कर प्रतीक चिन्ह भेंट कर सभी को सम्मानित किया गया।

# फिरोजाबाद में कब रुकेगी राशन के सरकारी चावल की कालाबाजारी पूछता है फिरोजाबाद

ब्यूरो चीफ इटावा एक्सप्रेस फिरोजाबाद गौरव शर्मा
फिरोजाबाद अब भी धड़ल्ले से लोगों को लगाकर कुछ लोग सस्ते दामों में खरीदवाते है राशन का चावल। फिर उसे अच्छे दामों में बड़ी बड़ी फैक्ट्रियों को किया जाता है बेचने का काम। वहीं गांव मोड़ा कनेटा स्थिति गैस एजेंसी के सामने सौरभ राठौर नामक व्यक्ति है इसका सरगना। जिसका लाइसेंस भी हो चुका है निरस्त, उसके बावजूद कर रहा काम। मटसेना रोड स्थित जमालपुर में सौरभ राठौर का गुर्गा आशीष करता है सरकारी राशन को सस्ते दामों में खरीदने का काम फिर उसे ई रिक्शा द्वारा भिजवाया जाता है इसके गोदाम। वहीं इसी का एक गुर्गा दिनेश रैपुरा गांव में करता है यही कार्य इसका भी सारा मॉल जाता है सौरभ के गोदाम में। पूरे शहर क्षेत्र के साथ शिकोहाबाद तक जुड़े सौरभ राठौर के तार। वहीं थाना मटसेना में प्ब 312द17, थाना रसूलपुर में 333 /22, 30/20 थाना मक्खनपुर में 3/23 जनपद फिरोजाबाद एवं बागवाला थाना एटा में 216/218 गंभीर धाराओं में सौरभ राठौर के खिलाफ मुकदमा दर्ज, वहीं लाइसेंस हो चुका कैंसल, फिर भी कर रहा दबंगई से कार्य। पूर्व में हुई कार्यवाही के बाद कुछ दिन बंद रहा काम लेकिन अब फिर पुरानी रफ्तार से तेज रफ्तार में सरकारी खाद्यान्न की हो रही कालाबाजारी। प्रशाशन की नाक के नीचे धड़ल्ले से खरीदा और बेचा जा रहा राशन का चावल। सूत्रों की माने तो सौरभ राठौर नामक व्यक्ति को एक व्यापारी एवं प्रशाशन के कुछ लोगों का सहयोग, जिनकी होती है जेबें गरम, जिसके चलते धड़ल्ले से चला रहे सरकारी चावल के कालाबाजारी के कारोबार को। कोटला रोड मंडी समिति में शौकत नामक व्यक्ति धड़ल्ले से सरकारी खाद्यान्न की करता है खरीद फरोख्त। आखिर कब होगी कार्यवाही ? कब रुकेगा राशन के चावल का बंदरबांट ?

# बाबा साहब अम्बेडकर तो सूर्य है ( एडवोकेट संदीप कुमार भारतीय )

इटावा एक्सप्रेस
अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने तो बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर जी को भारत के लिये सूर्य की उपाधि दी थी ! उन्होने कहा था कि बाबा साहब ने बिना किसी भेदभाव के सभी भारत वासियो को समान अधिकार दिये है चाहे वो रानी हो या हो मेहतरानी वोट देने का और पढ़ने का, सबको बराबर अधिकार दिया है ! बाबा साहब अम्बेडकर जी ने भारत वासियो को सबसे बडा अधिकार ये दिया, कि राजा केवल रानी के पेट से पैदा नही होगा, बल्की राजा मेहतरानी के पेट से भी पैदा होगा और ऐसा हुआ भी भारत मे संविधान लागू होने के बाद। लेकिन भारत का ग्रह मन्त्री अमित शाह – बाबा साहब डॉक्टर अम्बेडकर जी के बारे में क्या सोच रखता है ये उसने भरी संसद में जाहिर किया !

# थाना नगला खंगर पुलिस टीम ने पोक्सो से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

इटावा एक्सप्रेस फिरोजाबाद
फिरोजाबाद थाना नगला खंगर पुलिस टीम द्वारा मुकद्दमा संख्या 128/2024 धारा 333, 76 बीएनएस व धारा 7/8 पोक्सो अधि0 से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के नेतृत्व में तथा क्षेत्राधिकारी




सिरसागंज के नेतृत्व में थाना नगला खंगर पुलिस टीम द्वारा मुकद्दमा संख्या 128/2024 धारा 333, 76 बीएनएस व धारा 7/8 पोक्सो अधि० से सम्बन्धित अभियुक्त अमन पुत्र सतेन्द्र सिंह जो कहीं जाने की फिराक में नगला हीरा तिराहा थानाक्षेत्र नगला खंगर जनपद फिरोजाबाद पर खड़ा था को गिरफ्तार किया गया है ।अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम वैधानिक कार्यवाही कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है

# जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष और उपाध्यक्ष का धूमधाम से मनाया जन्म दिवस

## सैकड़ों लोगों ने जन्म दिवस की दी बधाई

ब्यूरो इटावा एक्सप्रेस राजीव कुमार
इटावा जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी कार्यालय इटावा जिलाध्यक्ष श्रीमती शोभा चौहान एवं जिला उपाध्यक्ष श्री प्रदीप कुमार दीक्षित के जन्मदिन के अवसर






पर पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता पूरे जोश के साथ जिला अध्यक्ष एवं जिला उपाध्यक्ष के जन्मदिन को मनाया गया मौके पर पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे जिला महासचिव अनिल वर्मा और जिला महासचिव दीपक चौहान अन्य कार्यकर्ताओं पर पदाधिकारी ने जिला अध्यक्ष जी जिला उपाध्यक्ष को दी बधाइयां फूल माला पहनाकर स्वागत किया कार्यक्रम के उपरांत गरीब मजदूरों को केक और फल वितरित किए गए

# स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सम्मेलन के लिये बैठक 22 को

## शनिवार को सेनानी परिजन उपस्थित होकर निमंत्रण पत्र प्राप्त करे

इटावा। इटावा महोत्सव एवं प्रदर्शनी में 28 दिसम्बर दिन शनिवार को आयोजित होने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सम्मेलन को सफल एवं भव्यता पूर्वक आयोजित करने को लेकर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रितों की बैठक 22 दिसम्बर दिन रविवार को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भवन पक्का तालाब चौराहा पर सुबह 11 बजे पर होगी। कार्यक्रम संयोजकगण जय प्रकाश सिंह तहसीलदार सदर, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रित परिवार के प्रदेश महासचिव आकाशदीप जैन एवं प्रतिमा शंकर दीक्षित अवकाश प्राप्त प्रबन्धक एसवीआई ने सँयुक्त रूप से बताया जनपद के सभी सेनानी परिजन जिलाधिकारी द्वारा निगर्त आश्रित प्रामाण पत्र अथवा जेल का सर्टिफिकेट आदि लेकर बैठक में उपस्थित होकर अपना नाम रजिस्टर में दर्ज करवा कर निमन्त्रण पत्र प्राप्त कर ले जिससे उन्हें सम्मेलन में आमंत्रित कर सम्मानित किया जा सके।

# नियुक्ति पत्र की मांग को लेकर दिव्यांग लेखपाल अभ्यर्थियों का प्रदर्शन

**लखनऊ।** शुक्रवार को गांधी प्रतिमा पर दिव्यांग अभ्यर्थियों ने धरना प्रदर्शन किया। नियुक्ति पत्र की मांग को लेकर प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए दिव्यांगों ने जताया विरोध। दिव्यांग महा गठबंधन के महासचिव वींरेंद्र कुमार ने कहा कि हम लोग लंबे समय से लेखपाल पद पर नियुक्ति पत्र की मांग कर रहे। मगर सुनावई नहीं हो रही है ये बेहद अफसोसनाक है। वींरेंद्र कुमार ने बताया कि आयोग की लापरवाही के कारण दिव्यांग अभ्यर्थियों को समस्याओं का सामना करना पड़ा रहा है। हम सभी लोग लेखपाल पद पर चयनित अभ्यर्थी हैं मगर अभी तक हमें नियुक्ति पत्र नहीं मिला। 188 सीटों पर हमारे नियुक्ति होनी है जिसको लेकर हम लोग संघर्ष कर रहे हैं। वींरेंद्र ने बताया कि विगत 10 महीने से लेखपाल चयनित दिव्यांगों का आंदोलन चल रहा है। इससे पहले कई बार हम लोग भाजपा कार्यालय का भी गिराव कर चुके हैं। मगर कोई सुनवाई नहीं हो रही है। यूपीएसएसएससी आयोग के द्वारा हमें सिर्फ आश्वासन मिल रहा है। नियुक्ति पत्र देने के के नाम पर अधिकारी गुमराह कर रहे हैं। वींरेंद्र कुमार ने कहा कि हम दिव्यांगजनों की मांग है कि रोजगार, स्वास्थ्य और शिक्षा की 100: गारंटी दी जाए। इस भीषण ठंड में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से लखनऊ आते हैं और निराश होकर वापस जाना पड़ता है। 10 माह पहले 188 लेखपाल पद पर दिव्यांग कोटे का विज्ञापन जारी हुआ। उसके बाद हम लोगों ने परीक्षा पास किया, सफल होने वाले अभ्यर्थियों का दस्तावेज सत्यापन हुआ। अब नियुक्ति पत्र के लिए दिन-रात संघर्ष करना पड़ रहा है। जब तक नियुक्ति पत्र हासिल नहीं कर लेंगे यह संघर्ष जारी रहेगा।

## आरटीओ कार्यालय का घेराव करने की चेतावनी, कैब ड्राइवरों के शोषण का आरोप

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में संयुक्त संघर्ष मोर्चा ने आरटीओ संजय तिवारी से मिलकर कैब चालकों की समस्या के बारे में बताया है। मौके पर कैब कंपनियों के लिए एग्रीगेटर पॉलिसी लागू करने की मांग की गई है। 10 दिनों के अंदर समस्या का समाधान नहीं करने पर आरटीओ कार्यालय का घेराव करने की चेतावनी भी कैब चालकों ने दी है। समिति के अध्यक्ष आरके पांडेय ने बताया कि लखनऊ शहर में ऐप बेस्ड कम्पनियों (ओला ऊबर, रैपिडो, इन ड्राइवर) के द्वारा 2014 से कैब संचालन किया जा रहा है।

## 251 व्यापारियों को आदर्श व्यापारी एसोसिएशन ने किया सम्मानित

**लखनऊ।** आदर्श व्यापारी एसोसिएशन ने भव्य व्यापारी सम्मान समारोह का आयोजन किया। इसमें समाज में उत्कृष्ट और सराहनीय कार्य करने वाले 251 व्यापारियों को सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में स्वर्णकार समाज से विधायक विनय वर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत में विनय वर्मा ने सम्मानित व्यापारियों को माला पहनाकर किया। उन्होंने समाज में व्यापारियों की भूमिका और उनके योगदान की सराहना करते हुए कहा कि व्यापारियों ने हमेशा समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। व्यापारियों की मेहनत और ईमानदारी से ही देश की अर्थव्यवस्था में मजबूती आई है। आज के इस सम्मान समारोह के माध्यम से हम उन व्यापारियों के समर्पण और प्रयासों को सलाम करते हैं। इस अवसर पर आदर्श व्यापारी एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथि को शॉल, पुष्प गुच्छ और एक मोमेंटो प्रदान करके उनका सम्मान किया। एसोसिएशन के अध्यक्ष ने कहा, यह समारोह व्यापारियों के योगदान को सम्मानित करने का एक प्रयास है। व्यापारियों ने हमेशा समाज की सेवा में तत्परता से काम किया है और हम उन्हें इस सम्मान के जरिए कृतज्ञता व्यक्त करते हैं। समारोह में व्यापारियों को उनके व्यवसाय में उत्कृष्टता, समाज में योगदान और अन्य सामाजिक कार्यों के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

## व्यापारियों ने एडीसीपी से मिलकर बताई समस्याएं

**लखनऊ।** दक्षिणी कल्ली पश्चिम स्थित डीसीपी कार्यालय में व्यापारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। इसमें एडीसीपी राजेश कुमार यादव और एसीपी किरन यादव के साथ स्थानीय व्यापारियों ने अपनी समस्याओं पर चर्चा की। इस बैठक में मुख्य रूप से दो महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई। किराएदारों का सत्यापन और नाबालिकों द्वारा बिना परमिट के ई-रिक्शा चलाने पर रोक। बैठक में पुलिस अधिकारियों ने जोर देते हुए कहा कि सिर्फ उन व्यक्तियों को ई-रिक्शा चलाने की अनुमति दी जाए जिनके पास वैध परमिट और लाइसेंस हो। इसके अलावा हर हफ्ते चौकी इंचार्ज को अपने क्षेत्र में जाकर किराएदारों का सत्यापन करने की प्रक्रिया शुरू करनी होगी।

## कल से बदलेगा मौसम, बढ़ेगी ठंड और ठिठुरन, प्रदूषित हुई हवा

**लखनऊ।** मौसम एक बार फिर करवट बदलने वाला है। 22 दिसंबर से मौसम बदलने की संभावना है। अधिकतम और न्यूनतम तापमान लुढ़केगा और ठिठुरन के साथ ठंड बढ़ेगी। पश्चिमी विक्षोभ के कारण दिसंबर के मौसम में ठिठुरन और गलन कम रही है। अधिकतम और न्यूनतम तापमान भी सामान्य से अधिक है। शुक्रवार को सुबह से ही ठिठुरन और गलन कम रही। साथ ही चटख धूप खिली। हवा पूर्व दिशा से चली जरूर लेकिन उसकी गति कम रही। अधिकतम तापमान 24.3 और न्यूनतम तापमान 9.0 डिग्री सेल्सियस रहा। अधिकतम तापमान सामान्य से 1.3 और न्यूनतम तापमान सामान्य से .9 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय है इसलिए हवा पूर्व दिशा से चल रही है। रात का तापमान 1 से 2 डिग्री सेल्सियस बढ़ सकता है। गलन और ठिठुरन कम रहेगी। 22 दिसंबर से पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव कम होगा और मौसम में तेज बदलाव आएगा। अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान 3 से 4 डिग्री तक गिरेंगे। तापमान गिरने के साथ ही हवा की दिशा उत्तर पश्चिम व पछुवा हो जाएगी, जिससे ठंड बढ़ना शुरू हो जाएगी। शहर में वायु प्रदूषण एक बार फिर बढ़ने लगा है। हवा दमघोंटू होने लगी है। शहर का एक्यूआई 213 रहा। लालबाग रेड जाने के साथ आज भी लाल रहा। यहां का वायु गुणवत्ता सूचकांक 306 रिकार्ड किया गया।

## गीत नया गाता हूं कार्यक्रम का आयोजन, रिटायर कर्मचारियों को किया सम्मानित

**लखनऊ।** हजरतगंज स्थित उ.प्र हिंदी संस्थान में राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान उ.प्र और डेल्फिक एसोसिएशन द्वारा गीत नया गाता हूं कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्म दिवस के अवसर पर हुआ। कार्यक्रम में मुशायरा और कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि रमेश प्रसन्न महासचिव अंतरराष्ट्रीय डेल्फिक काउंसिल और अशोक सिंह सेक्रेटरी नेशनल डेल्फिक काउंसिल सहित अन्य अतिथि शामिल थे। सभी अतिथियों का स्वागत पगड़ी, प्रतीक चिह्न, पुस्तक और शॉल से किया गया। कार्यक्रम का शुरूवात मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुआ। वाणी वंदना का पाठ डॉ. शोभा दीक्षित भावना ने किया। संस्थान की उपलब्धियों की जानकारी दी और डॉ. अखिलेश कुमार मिश्रा ने अतिथियों का परिचय कराया। महामंत्री डॉ. सीमा गुप्ता ने संस्थान की भविष्य की योजनाओं के बारे में बताया। सौरभ श्रीवास्तव, शिखा श्रीवास्तव, डॉ. शोभा त्रिपाठी, प्रतिभा और अमरेन्द्र द्विवेदी ने काव्य पाठ किया। अमरेन्द्र द्विवेदी की कविता श्गीत नया गाता हूंश, दिल की बातें हमे तुम सुनाया करो हर सुबह ख्वाब में आया करो और मैं अटल हूं श्रोताओं का मन मोह लिया। काव्य पाठ समापन में कवियों को प्रतीक चिह्न और शाल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान के अध्यक्ष और डेल्फिक एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश के सचिव डॉ. अखिलेश कुमार मिश्र आईएएस ने की। डॉ. रामकृष्ण स्वर्णकार आईपीएस विशेष अतिथि रहे। कार्यक्रम में संस्थान के सदस्य रेनू वर्मा, इं. सुनील कुमार वाजपेयी और पूर्णिमा बेदार श्रीवास्तव ने रिटायर कर्मचारियों का अभिनंदन समारोह आयोजित किया। अंत में उन्हें पगड़ी, अंगवस्त्र, प्रतीक चिह्न और अभिनंदन पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## ठेले वाले को गोली मारने वाला शातिर गिरफ्तार

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में चाट विक्रेता की गोली मारकर हत्या करने वाले शातिर अपराधी राकेश कालिया को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से घटना में प्रयुक्त तमंचा भी बरामद हुआ है। पुलिस उसकी एक हफ्ते से तलाश कर रही थी। इसकी जानकारी देते हुए डीसीपी पश्चिम ओमवीर सिंह ने बताया कि कालिया की तलाश में ठाकुरगंज थाना पुलिस के साथ सर्विलांस और क्राइम टीम लगी थी। एडीसीपी पश्चिम विश्वजीत श्रीवास्तव ने बताया कि शुक्रवार रात 9.30 बजे चाट का ठेला लगाने वाले राजेश गौतम (55) की हत्या कालिया ने गोली मारकर कर दी थी। उसने पूछताछ में बताया ठेला लगाने के स्थान को लेकर विवाद हुआ था। इसके चलते ही उसने घटना को अंजाम दिया था। गिरफ्तार राकेश कालिया ने हत्या करने के बाद तमंचा के साथ खोखा और कारतूस को पुराने हाईकोर्ट कचहरी के नाले में फेंक दिया था। जिससे कोई उसको खोज न सके। पुलिस की पूछताछ में राकेश लोधी उर्फ राकेश कालिया ने बताया कि पुलिस से बचने के लिए रिश्तेदारों के घर नहीं गया। साथ ही मोबाइल फोन बंद भी बंद कर दिया था। हर तीन चार घंटे पर ठिकाना बदल देता और रात को सोने के लिए सड़क किनारे खड़े होने वाले खाली ऑटो और डाला का प्रयोग करता था।

## आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर डबल डेकर बस एक ट्रक से टकराई

इटावा एक्सप्रेस

करहल मैनपुरी । दर्शन करने जा रहे कई यात्री गंभीर घायल। बस में सवार एक दर्जन से अधिक यात्रियों को आईं गंभीर चोटें। घायल यात्रियों को उपचार



के लिए भेजा गया सैफ़ई मेडिकल कॉलेज। करहल पुलिस ने सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया। डबल डेकर बस खाटू श्याम से लौट रही थी वापस जनपद मैनपुरी थाना करहल क्षेत्र के आगरा लखनऊ–एक्सप्रेस–वे की घटना

## 23 व 24 को होगा ग्रामीण खेल प्रतियोगिता का आयोजन

ब्यूरो इटावा एक्सप्रेस

इटावा 20 दिसम्बर 2024 जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी एम एस तोमर ने अवगत कराया कि युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल विभाग, इटावा द्वारा वित्तीय वर्ष ग्रामीण खेल प्रतियोगिता का आयोजन होगा 2024–25 में जिला योजना के अन्तर्गत जनपद स्तरीय उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लींग के अन्तर्गत प्रतियोगिता का आयोजन महात्मा ज्योतिबाफुले स्पोर्ट्स स्टेडियम, इटावा में दिनांक–23–12–2024 को सब–जूनियर वर्ग तथा 24–12–2024 को सीनियर वर्ग में आयोजित की जानी है। खेल प्रतियोगिताओं में एथलेटिक्स, कब्बडी, वालीबॉल, कुश्ती, भारोत्तोलन, बैडमिन्टन, जूडो एवं फुटबॉल आदि विधाओं में सब– जूनियर एवं सीनियर वर्ग के खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे तथा अपना आधार कार्ड साथ लेकर आये प्रातः 9:बजे तक नियत स्थान पर पंजीकरण कराऐं जनपद स्तरीय प्रतियोगिताओं में केवल उन्हीं खिलाड़ियों को प्रतिभाग कराया जाएगा जिन्होंने विकास खण्डों में आयोजित खण्ड स्तरीय प्रतियोगिताओं में विजयी एवं प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जनपद स्तर पर विजेता खिलाड़ियों को मेडल व प्रमाण–पत्र देकर पुरूस्कृत किया जाएगा तथा जो खिलाड़ी जनपद स्तरीय खेल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करेंगे उनको जोन स्तरीय उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लींग के अन्तर्गत प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने का सुअवसर प्राप्त होगा। अधिक जानकारी के लिए खिलाड़ी कार्यक्रम प्रभारी के मोबाइल नंबर 9811691576 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

## बाउंड्री से टकराकर जली होंडा सिटी कार,महिला ड्राइवर ने भागकर बचाई जान

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में जनेश्वर मिश्र पार्क के पास शुक्रवार तड़के एक कार में आग लग गई। कार के इंजन से आग निकलते देख महिला चालक ने शोर मचाना शुरू किया। सूचना पर पहुंची दमकल की एक गाड़ी ने करीब 10 मिनट में आग पर काबू पा लिया। आग से कार पूरी तरह से जल गई। गोमती नगर एसएचओ के मुताबिक गोमती नगर निवासी आनंद मौर्या की पत्नी किरन अपनी होंडा सिटी कार से घर से निकली थीं। वह जनेश्वर मिश्र पार्क की तरफ से शहीद पथ की तरफ जा रही थीं। उन्होंने बताया कि अचानक कार रोड के किनारे बाउंड्री से टकरा गई, जिससे इंजन की तरफ आग लग गई। दमकल की एक गाड़ी ने आग पर काबू पा लिया। घटना में किसी को कोई चोट नहीं आई है।

## दो किलो सोना गायब करने वाला गिरफ्तार,मालिक को दी फर्जी लूट की सूचना

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में एक ज्वैलर्स के मुनीम ने करीब दो किलो सोना का गबन करने वाले ज्वैलर्स के मुनीम को गिरफ्तार कर लिया। उसने अपने मालिक को फर्जी लूट की सूचना देकर सोना हड़पने का प्लान बनाया था। घटना की जानकारी होती लखनऊ सेंट्रल जोन पुलिस ने क्षेत्र में नाकाबंदी करने के साथ सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू कर दिए। घटना संदिग्ध लगने पर मुनीम से पूछताछ की तो सामने आया कि उसने सोना हड़पने के लिए लूट की फर्जी सूचना दी थी। डीसीपी सेंट्रल रवीना त्यागी ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर सोना बरामद कर लिया है। घटना से जुड़े अन्य बिंदुओ पर जांच पड़ताल की जा रही है। महानगर स्थित हंसिनी ज्वैलर्स का मुनीम अमन सोढ़ी ने मालिक गौरव अग्रवाल को सूचना दी कि नदवा रोड पर अली क्लाथ हाउस के पास बाइक सवार लुटेरों ने उसके सिर पर लोहे की सरिया मारकर सोने के दो बिस्किट लूट लिए। घटना की सूचना मिलते ही डीसीपी सेंट्रल रवीना त्यागी ने जोन की टीम के साथ पूरे इलाके में नाका बंदी कराकर चेकिंग शुरू करा दी। जांच में घटना संदिग्ध लगने पर अमन से सख्ती से पूछताछ करने पर खुलासा हुआ कि उसने सोना हड़पने के लिए फर्जी सूचना दी थी। जिन्हें अपने कमरे में छिपा दिया है। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर सोने के दोनों बिस्किट बरामद कर जांच पड़ताल कर रही है। जिनकी बजार में कीमत करीब दो करोड़ रुपए बताई जा रही है।

## कांग्रेस ने निकाला विरोध मार्च, राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में कांग्रेस ने किया विरोध प्रदर्शन। शहर कमेटी अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव और शहजाद आलम के नेतृत्व में विरोध मार्च निकाला गया। हजरतगंज स्थित परिवर्तन चौक से नारेबाजी करते हुए जिला कलेक्ट्रेट पहुंचे कार्यकर्ता। कांग्रेस ने इस दौरान गृहमंत्री अमित शाह से माफी मांगने और इस्तीफा देने की मांग किया। शहर कमेटी अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव ने कहा कि सदन में दिया गया बयान बेहद अफसोस नाक है। संविधान रचयिता के ऊपर अपमानजनक टिप्पणी की जा रही है। अमित शाह तत्काल पूरे देश से माफी मांगे। बाबा साहब ने पूरे देश के शोषितों ,वंचितों को सम्मान देने का काम किया है। उनका अपमान किसी भी हाल में देश बर्दाश्त नहीं करेगा। जब तक अमित शाह माफी नहीं मांग लेंगे यह विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। अमित श्रीवास्तव ने कहा कि सदन में जिस तरीके से बाबा साहब का नाम लिया है वह अपने आप में अपमानजनक है। बाबा साहब से पूरे देश के लोगों की भावनाएं जुड़ी हुई है। सभी देशवासियों से अमित शाह सार्वजनिक रूप से माफी मांगे। हमारी पार्टी बाबा साहब के विचारों पर चलने वाली है। दिल्ली से लेकर यूपी तक हर जगह हमारी पार्टी के कार्यकर्ता बाबा साहब के सम्मान में उतरकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। हमने महापुरुषों के नाम पर कभी राजनीति नहीं किया। हमारी पार्टी ने राजनीतिक लाभ के लिए किसी महापुरुष के नाम का इस्तेमाल नहीं किया। अमित श्रीवास्तव ने कहा कि सदन के अंदर जिस तरीके से राहुल गांधी के ऊपर आरोप लगाया जा रहा है हम उसका भी विरोध करते हैं। राहुल गांधी की लोकप्रियता से भारतीय जनता पार्टी बौखला गई है। इसलिए ऐसी ओछी हरकतें कर रही है। ऐसे बेबुनियाद आरोपी से हमारे नेता राहुल गांधी पीछे हटने वाले नहीं है। संविधान की और आम आदमी के हितों की जो लड़ाई है वह जारी रहेगी। जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजकर गृहमंत्री अमित शाह के विरुद्ध कार्रवाई की मांग किया है।

# आलमबाग रेलवे पर 2 ट्रेनों की टक्कर की सूचना पर पहुंचे अधिकारी, रेस्क्यू ऑपरेशन का रिहर्सल किया

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के आलमबाग रेलवे स्टेशन पर दो ट्रेनों में टक्कर के बाद एक ट्रेन दूसरी ट्रेन के ऊपर चढ़ गई। इससे चारो तरफ चीख पुकार मच गई। आग लगने के साथ ट्रेन से धुएं का गुबार उठने लगा। इससे 1 की मौत हो गई। 20 यात्री घायल हो गए। मॉक ड्रिल में दुर्घटना के बाद रेस्क्यू अभियान उत्तर रेलवे की तरफ से चलाया गया है। इसमें कुंभ के दौरान होने वाली तैयारियों को भी परखा गया है। रेलवे और जिला प्रशासन को सूचना मिलते ही मौके पर एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, जीआरपी, आरपीएफ स्थानीय पुलिस, फायर ब्रिगेड, मेडिकल टीम यात्रियों को बचाने के लिए पहुंच गई। दुर्घटना के बाद आपातकालीन स्थिति में रेलवे के साथ राज्य की कई एजेंसी टीम मौके पर पहुंची। इस दौरान रेस्क्यू अभियान शुरू किया गया। रेलवे ने बताया कि कर्मचारियों की वास्तविक दुर्घटना के समय सतर्कता और सजगता की जांच करने के उद्देश्य से लखनऊ मंडल द्वारा लखनऊ आलमबाग यार्ड पर एक दुर्घटना मॉक ड्रिल का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया था। इसमें कुछ लोगों को ट्रेन से सुरक्षित निकाला गया। कई लोग इसमें घायल भी हो गए। डीआरएम एसएन शर्मा ने बताया कि मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया है। कुंभ में भी तीन जगहों पर ट्रेनिंग दी गई है। 3,600 रेलवे कर्मी बाहर से आए हैं। इन्हें भी ट्रेनिंग दी जा रही। आज हुई मॉक ड्रिल में सभी एजेंसियों ने काम किया है। मॉक ड्रिल में कुल 20 लोग घायल हुए हैं। इसमें एक व्यक्ति की मौत भी हो गई। सभी एजेंसियों ने तेजी से काम किया है। अयोध्या और कानपुर से भी आपातकालीन स्थिति में एजेंसी यहां पर बुलाई गई है। यह मॉक ड्रिल इसलिए कि गई है ताकि जरूरत पड़ने पर तेजी से काम किया जाए और रेलवे कर्मी फिट रहें। क्योंकि दुर्घटना होने पर दिमाग काम करना बंद कर देता है। उन्होंने कहा कि सभी एजेंसियों के साथ हम मॉक ड्रिल कर रहे हैं किसी भी एजेंसी को मालूम नहीं था कि आज मॉक ड्रिल किया जाएगा। हमारा उद्देश्य था यह जानना कि कौन कितनी जल्दी घटनास्थल पर पहुंचता है और जो दायित्व है वह किस तरह से निर्वहन किया जा रहा है और सभी भी साइट्स पर अलग-अलग लोग ऑब्जरवेशन कर रहे हैं और मुख्य उद्देश्य यह था कि हम सभी एक प्लेटफार्म पर बैठे और एक साथ रेस्क्यू करने की कोशिश करें और जो कमियां आती है वह मॉक में ही पता चल जाए। ऐसी जरूरत एजर कभी पड़ती है तो हम एक सब एकदम तैयार है और पूरा स्टाफ तैयार हो चुका है और अभी लखनऊ टीम के साथ हुआ है और आने वाले दिनों में हम प्रयागराज में भी करेंगे और अभी छोटी-मोटी मॉक ड्रिल वहां भी शुरू हो गई है और अभी पूरी तरह से हम स्टाफ को ट्रेनिंग दे रहे हैं मेडिकल और फायर की और बड़े स्तर पर जल्दी वहां पर भी मॉक ड्रिल शुरू की जाएगी। मोबाइल का रिस्पांस टाइम सभी एजेंसियों का अलग-अलग है, जो कमियां है उसको हम अवगत भी करवाएंगे।

# बलरामपुर चिकित्सालय में लगा रक्त दान शिविर

**लखनऊ।** ऑल इंडिया पयाम ए इंसानियत फोरम द्वारा आज बलरामपुर चिकित्सालय की ओपीडी में एक रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मदरसा नदवा तुल उलेमा के 70 छात्रों ने समाज और मानवता के लिए रक्त दान किया। इस रक्त दान शिविर में डॉ. सुशील प्रकाश डायरेक्टर बलरामपुर चिकित्सालय, डॉ. संजय तेवतिया सीएमएस बलरामपुर चिकित्सालय, डॉ. हिमांशु चतुर्वेदी, डॉ विनोद एच. गुप्ता इंचार्ज ब्लड बैंक और संस्था के सम्मानित सदस्य मौजूद रहे। इस अवसर पर डायरेक्टर बलरामपुर चिकित्सालय डॉ सुशील प्रकाश ने संस्था को इस पुनीत काम के लिए साधुवाद देते हुए कहा कि रक्त दान करना पुण्य का काम है, इन छात्रों ने जो रक्त दान किया है उनका ये कार्य मानवता की मिसाल है। आज पूरे देश में लोग जाति और धर्म के नाम पर कुछ भी करने को तैयार हैं लेकिन रक्तदान से पीछे रहते हैं, वहीं मदरसा नदवा तुल उलेमा के इन छात्रों ने जो रक्तदान किया है वो किसी न किसी की जान बचाएगा और वो भी बिना किसी की जात और धर्म देखे। हमारे देश में हर साल न जाने कितने ही लोग सिर्फ समय पर रक्त न मिलने से जान गवां बैठते हैं, यह ऐसी चीज है जो किसी फैक्ट्री में नहीं बनता। दुनिया के हर धर्म से बड़ा मानवता का धर्म है। डॉ संजय तेवतिया सीएमएस बलरामपुर चिकित्सालय ने कहा कि छात्रों ने रक्त दान कर मानवता के प्रति अपने कर्तव्यों को पूरा किया है।

आज हमारे समाज में इस तरह के काम बहुत कम हो गये हैं। आज हमें लोगों को रक्त दान के लिए ज्यादा से ज्यादा जागरूक करने की जरूरत है, क्या पता आपके द्वारा दान किया गया रक्त, आप के ही किसी अपने के काम आ जाये। इस मौके पर संस्था के कोऑर्डिनेटर शफीक चौधरी ने सभी के सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

# स्वार्थ की राजनीति कर रहा सत्ता व विपक्ष- बाबा साहेब को लेकर अमित शाह की टिप्पणी पर बोलीं मायावती

**लखनऊ।** बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा की गई टिप्पणी को लेकर सियासत तेज हो गई। पूरा विपक्ष शाह से माफी मांगने की बात पर अड़ा है। इसी कड़ी उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने कड़ी नाराजगी जताई है। मायावती ने इसे लेकर ताबड़तोड़ चार ट्वीट की। उन्होंने कहा कि बीजेपी के अमित शाह द्वारा संसद में दलित व अन्य उपेक्षित वर्गों के मसीहा परमपूज्य बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर के बारे में जिन शब्दों का इस्तेमाल किया गया है उससे इन वर्गों की भावनाओं को गहरी ठेस पहुंची है। ऐसे में उन शब्दों को वापस लेकर इनको पश्चाताप भी जरूर करना चाहिए। उन्होंने इसे लेकर कांग्रेस पर भी हमला बोला। मायावती अपने दूसरे पोस्ट में कहा कि वैसे कांग्रेस, भाजपा व इनकी सहयोगी दलों का चाल, चरित्र व चेहरा बाबा साहेब डा. अम्बेडकर व उनके करोड़ों दलित-पिछड़े, शोषित-पीड़ित अनुयाइयों के हित व कल्याण के प्रति हमेशा संकीर्ण व जातिवादी रहने के कारण इनके सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक हालात लगातार बदतर, इससे इंकार असंभव। मायावती ने अपने दूसरे ट्वीट में कहा कि बाबा साहेब डा. अम्बेडकर के प्रति दिल से सम्मान नहीं करना व उनके अनुयाइयों के विरुद्ध अन्याय-अत्याचार तथा इनको संवैधानिक व कानूनी हक देने के बजाय छीनने में भी यह पार्टियाँ एक ही थैली के चट्टे-बट्टे हैं। इसको लेकर सत्ता व विपक्ष के बीच जारी तकरार केवल वोट के स्वार्थ की राजनीति। साथ ही, संविधान का जगह-जगह लहराना व नीला रंग पहनना आदि दिखावे की सस्ती राजनीति। यह सब करने के पहले सत्ता व विपक्ष दोनों को अपने दिल में पड़े संकीर्णता, जातिवाद एवं द्वेष आदि के कालेपन को साफ करके पाक-साफ करना होगा तभी इन वर्गों का व देश का भी सही हित संभव।

# मौलाना ने मोहन भागवत के बयान का स्वागत किया

***सर्वे के पीछे विदेशी ताकतों का हाथ, पाकिस्तान हिंदू-मुसलमान को लड़वाना चाह रहा: यासूब अब्बास***

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड के महासचिव मौलाना यासूब अब्बास ने मोहन भागवत के बयान का स्वागत किया। मौलाना ने कहा कि आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत का बयान समाज में सद्भावना काम करने के लिए बेहद अहम है। हर मस्जिद और दरगाह में मंदिर तलाशना बंद किया जाना चाहिए। मौलाना यासूब अब्बास ने कहा कि हम मोहन भागवत के बयान का स्वागत करते हैं। मोहन भागवत ने इस बात का विरोध किया है कि हर मस्जिद और दरगाह में शिवलिंग और मंदिर नहीं तलाशना चाहिए। इससे देश का माहौल खराब हो रहा है। मौलाना ने कहा कि मोहन भागवत के इस बयान से समाज को गहरा संदेश जाएगा। खासकर जो लोग मंदिर तलाश रहे हैं उन्हें मोहन भागवत के बयान को गंभीरता से लेना चाहिए। मौजूदा समय में जो हालात है इसमें यह बयान समाज को जोड़ने का काम करेगा। मौलाना यासूब अब्बास ने कहा कि सियासी फायदे के लिए मस्जिदों को निशाना बनाया जा रहा है। हर मस्जिद के नीचे मंदिर का सर्वे करना यह स्वस्थ समाज के लिए बेहद हानिकारक है। सरकार की जिम्मेदारी है कि उन लोगों के ऊपर लगाम लगाए जो निजी स्वार्थ के लिए मस्जिदों के सर्वे करवा रहे हैं। मौलाना ने कहा कि लगातार जो सर्वे हो रहे हैं इसके पीछे विदेशी ताकते शामिल हैं। खास कर पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान इसका लाभ उठाना चाह रहा है। हमारे देश के हिंदू और मुसलमान को आपस में लड़वाना चाह रहे हैं। विदेशी ताकत हिंदू समाज से मंदिर तलाश करवा रही है और मुस्लिम समाज से अल्लाह हू अकबर के नारे लगवा रही है। हिंदू और मुसलमान के आपसी विरोध में देश का नुकसान हो रहा है।

## बिजली निजीकरण के विरोध में 22 दिसम्बर को पंचायत

**लखनऊ।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने 22 दिसम्बर को लखनऊ में एक विशाल बिजली पंचायत लगाएंगे। यह पंचायत प्रदेश के ऊर्जा मंत्री द्वारा विद्युत वितरण निगमों के घाटे को लेकर दिए गए भ्रामक बयानों और निजीकरण के निर्णय के खिलाफ होगी। समिति ने कहा कि ऊर्जा मंत्री घाटे के आंकड़ों को लेकर विरोधाभाषी बयान दे रहे हैं। निजीकरण का समर्थन करने के लिए गलत बयानी कर रहे हैं। संघर्ष समिति के संयोजक शैलेंद्र दुबे ने बताया कि ऊर्जा निगमों के निजीकरण का किसी श्रम संघ ने समर्थन नहीं किया है। वे निजीकरण के खिलाफ हैं और इसे श्रमिकों तथा उपभोक्ताओं के हितों के खिलाफ मानते हैं। 22 दिसम्बर को लखनऊ में आयोजित होने वाली इस पंचायत में देश भर के बिजली कर्मचारी महासंघ, ऑल इंडिया पॉवर डिप्लोमा इंजीनियर्स फेडरेशन और ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष और महामंत्री शामिल होंगे। पंचायत में प्रदेश के सभी जनपदों और परियोजनाओं से बड़ी संख्या में बिजली कर्मचारी, संविदा कर्मी और अभियंता भी शामिल होंगे। इसके अलावा उपभोक्ता संगठनों और किसानों का भी प्रतिनिधित्व होगा। संघर्ष समिति ने ऊर्जा मंत्री द्वारा विद्युत वितरण निगमों के घाटे पर दिए गए आंकड़ों पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि 2016-17 में वितरण निगमों की एटीएण्डसी हानियां 41 प्रतिशत थीं। जबकि 2021-22 में यह घटकर 27.23 प्रतिशत हो गई और 2023-24 में यह 17 प्रतिशत हो गई हैं। इससे 7 वर्षों में 24 प्रतिशत की उल्लेखनीय कमी आई है। इसके बावजूद ऊर्जा मंत्री निजीकरण के पक्ष में भ्रामक आंकड़े पेश कर रहे हैं। संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने यह भी कहा कि निजीकरण के कारण आगरा में पॉवर कारपोरेशन को टोरेंट कंपनी को बिजली देने में 2434 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। आगरा जैसे प्रमुख औद्योगिक शहर से होने वाली राजस्व की हानि 5000 करोड़ रुपए से अधिक है। इसके अलावा ग्रेटर नोएडा में काम कर रही निजी कंपनी नोएडा पावर कंपनी का लाइसेंस निरस्त कराने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार सर्वोच्च न्यायालय में मुकदमा लड़ रही है। जबकि ऊर्जा मंत्री उस कंपनी की प्रशंसा कर रहे हैं।

# पानी पर टैक्स का व्यापारियों ने किया विरोध

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में जलकल विभाग द्वारा व्यापारियों से बिना इस्तेमाल किए गए पानी के बिलों का भुगतान कराने पर व्यापार मंडल ने विरोध किया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मंत्री संदीप बंसल ने की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में जलकल और नगर निगम के सचिव शशि गुप्ता और मुख्य वित्त अधिकारी धर्मेंद्र सिंह भी उपस्थित रहे। संदीप बंसल ने बैठक में लखनऊ के 2 दर्जन से अधिक बाजारों के व्यापारी प्रतिनिधियों को जलकल विभाग द्वारा भेजे गए बिलों की प्रतियां दिखाते हुए सवाल उठाया। उन्होंने पूछा कि किस नियम के तहत जलकल विभाग पानी पर टैक्स ले रहा है। जबकि पूरे देश में पानी पर कोई टैक्स नहीं लिया जाता। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता केवल इस्तेमाल किए गए पानी का ही भुगतान करता है जो वह जलकर के रूप में देता है। संदीप बंसल ने कहा कि यदि किसी व्यापारी की दुकान पर पानी का कनेक्शन नहीं है तो उसे पानी का बिल देने की आवश्यकता नहीं है। इस पर जलकल सचिव ने उत्तर प्रदेश जल आपूर्ति एवं सीवरेज अधिनियम, 1975 का हवाला दिया। इसके जवाब में संदीप बंसल ने कहा कि यह कानून 1975 में जब आपातकाल लागू था तब बना था और इसका आज के समय में कोई औचित्य नहीं है। उन्होंने सचिव से लिखित जवाब की मांग की ताकि इसे उत्तर प्रदेश सरकार तक पहुंचाकर व्यापारियों पर हो रहे उत्पीड़न को रोका जा सके।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, सम्पादक राजीव कुमार के लिए शिवम ऑफसेट अशोक नगर भरथना रोड इटावा उत्तर प्रदेश से छपकर इटावा से प्रकाशित सम्पादक राजीव कुमार संपर्क सूत्र 9219240048
नोट अखबार में प्रकाशित समस्त रचनाओं के विचार व दायित्व लेखीय है सम्पादक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है इटावा एक्सप्रेस अखबार से संबंधित सभी विवादों के लिए न्याय क्षेत्र इटावा उत्तर प्रदेश रहेगा
शीर्षक कोड UPHIN50151. Email etawahexpress24@gmail.com , Website. www.etawahexpress.com